# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

वर्ष – 05 अंक – 41 बैकुंठपुर, गुरूवार 07 नवम्बर 2024 पृष्ठ –8 मूल्य –1

www.cgfrontline.com

# कलेक्टर ने धान खरीदी के संबंध खाद्य अधिकारियों की ली बैठक

## धान खरीदी होने के पूर्व सभी उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के दिए निर्देश

- **पर्याप्त मात्रा में नये एवं पुराने बारदाने की व्यवस्था करने कहा**



**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने विगत दिवस खाद्य अधिकारी, सहायक पंजीयक, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं नोडल अधिकारी अपेक्स बैंक की संयुक्त बैठक लेकर आगामी खरीफ वर्ष में धान उपार्जन एवं कस्टम मिलिंग के कार्य के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व सभी उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कराने एवं केन्द्र समिति स्तर से सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए। लेक्टर ने जिले की 24 समितियों में से 23 समितियों में माइको ए.टी.एम. प्रारंभ कर धान विक्रय करने वाले किसानों को 5000 रुपये तक का भुगतान समिति में ही कराये के लिए कहा तथा जिले में छ.ग. राज्य सहकारी ग्रामीण बैंक की संचालित तीनों शाखाओं में किसानों को भुगतान हेतु पर्याप्त राशि उपलब्ध रखने, कृषकों के बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सहायक पंजीयक सहकारी समिति एवं नोडल अधिकारी अपैक्स को दिये गये। नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि बगीचा में बैंक की नवीन शाखा आगामी 15 के भीतर संचालित की जाएगी। जिससे उस क्षेत्र के कृषकों को भुगतान हेतु अन्यत्र नहीं जाना होगा। धान खरीदी के दौरान पर्याप्त मात्रा में नये एवं पुराने बारदाने की उपलब्धता रखने एवं खरीदी के पूर्व सभी समितियों में ट्रयन रन पूर्ण कराने के निर्देश जिला खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी को दिये गये। साथ ही अन्य राज्य आने वाले अवैध धान पर रोक लगाने हेतु सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकपोस्ट स्थापित करने एवं धान उपार्जन के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों हेतु दल गठित कर सतत निगरानी करने के निर्देश दिए।

# बिजली सखी घर-घर जाकर कर रही हैं मीटर रीडिंग का कार्य

## समय पर हो सकेगा मीटर रीडिंग का कार्य, उपभोक्ताओं को हो रही है सुविधा

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** बिजली सखीयों ने अपना काम शुरू कर दिया है। वे बगीचा के घर-घर जाकर मीटर रीडिंग का कार्य कर रही हैं। जशपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 महिलाओं को बिजली सखी बनाया गया है। जिला में 300 महिलाओं को बिजली सखी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्व सहायता समूह की महिलाओं को मीटर रीडिंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें बिजली सखी बनाया गया है।

विदित हो कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गत दिवस मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में बगीचा विकासखंड की स्व-सहायता समूहों की 21 बिजली सखियों को बिजली किट प्रदान किए हैं। बिजली सखी योजना पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला प्रशासन और जनपद पंचायत बगीचा के संयुक्त प्रयास से लागू किया गया है। बिजली विभाग के पास मीटर रीडर की कमी के कारण उपभोक्ताओं के बिजली मीटर की नियमित रीडिंग नहीं हो पाती है। इससे उपभोक्ताओं को एक साथ अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ता है। एक घर में मीटर रीडिंग करने से बिजली सखी को 12 रूपए बिजली विभाग के द्वारा भुगतान किया जाएगा। इससे समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध होगा और उन्हें नियमित आय होगी। इससे बिजली सखी के रूप में जनपद क्षेत्र में लखपति दीदी की संख्या भी बढ़ेगी।



## राज्योत्सव पर विभागीय स्टालों का सांसद सरगुजा एवं विधायक द्वय ने किया निरीक्षण

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** राज्योत्सव के मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने रणजीता स्टेडियम में मंगलवार को आयोजित राज्योत्सव के दौरान शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय एवं जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत सहित जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने भी स्टालों का निरीक्षण किया। विभागीय स्टालों में शासकीय योजनाएं, कार्यक्रमों, एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया था। सांसद चिंतामणि महाराज ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत स्थानीय उत्पादों का निरीक्षण किया घोलेंगे के बने कार्पेट और स्थानीय उत्पादों को देखते हुए 10 लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जागृति स्वसहायता समूह को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र दिया गया।

# संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में ''अन्वेषण'' अभियान की शुरुआत कल से

**जशपुरनगर।** कलेक्टर की पहल से जिले के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि जगाने, उन्हें जागरूक एवं शिक्षित करने हेतु अन्वेषण कार्यक्रम कल से शुरू हो रहा है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होने जा रहा है। इसकी शुरुआत 07 नवम्बर से संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में अंतरिक्ष विज्ञान की प्रारंभिक जानकारी के साथ ही चंद्रमा, शनि ग्रह व बृहस्पति ग्रह के खगोलीय दूरबीन से अवलोकन के साथ होगी। इसके पूर्व भी गत वर्ष जिला प्रशासन जशपुर द्वारा जिले के 50 मेधावी विद्यार्थियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन श्रीहरिकोटा का भ्रमण कराया गया था। अन्वेषण तहत स्टार गेजिंग व खगोल विज्ञान से संबंधित मूलभूत आवश्यक जानकारी जिले के आठों विकासखंड मुख्यालय के विद्यालयों के विद्यार्थियों को दी जायेगी। अन्वेषण के तहत ही दूसरा महत्वपूर्ण अन्तरिक्ष ज्ञान अभियान की शुरूवात 18 नवम्बर से होगी। जिले के 45 हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के लगभग 12 हजार से अधिक विद्यार्थी अन्तरिक्ष ज्ञान अभियान का लाभ ले सकेंगे। अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के तहत विशेष रूप से तैयार तथा विभिन्न उपकरणों एवं मॉडल से सुसज्जित चलित वैन विशेषज्ञों की टीम के साथ सभी विद्यालय में भ्रमण करेंगे और विद्यार्थियों को अंतरिक्ष ज्ञान से शिक्षित करेंगे। अन्वेषण के तहत तीसरा सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम 3डी प्लेनेटोरियम शो का आयोजन किया जाना है, जिसे जिले के आठों विकासखंड मुख्यालय में आयोजित किया जायेगा। 3 डी-प्लेनेटोरिया में अंतरिक्ष की अद्भुत व्यवस्था को बहुत ही प्रभावी ढंग से दिखाया जाता है। सुविधा केवल महानगरों में स्थित है, परन्तु नई तकनीक के विकास से अब जिले के आठ बड़े स्कूलों में अस्थाई रूप से वातानुकुलित 77 वर्ग मीटर का डोम निर्माण कर उसके अन्दर 4 के वीडियो गुणवत्ता का शो आयोजित किया जायेगा।

# छोटे-मोटे काम के लिए लोगों को न आना पड़े जिला मुख्यालय, तहसील स्तर पर ही करें उनकी समस्या का निराकरण: कलेक्टर

- **पटवारी और शाखा लिपिक फाइल दबाकर बैठे हो तो करें कार्यवाही**
- **राजस्व विभाग को आम जनता का विश्वास जितना होगा**
- **लम्बे समय से एक ही जगह पर जमे बाबू का टेबल करें चेंज राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करना सुनिश्चित करें**



**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजस्व प्रकरणों के निराकरण को लेकर बेहद ही संवेदनशील है। इसी कड़ी में कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व संबंधी सभी आवेदनों का संवेदनशीलता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों का विश्वास जीतना होगा। इसके लिए सार्थक प्रयास करना होगा। लोगों को छोटे-मोटे काम के लिए जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता न पड़े, ग्रामवासियों का काम तहसील स्तर पर ही हो जाए ऐसा प्रयास करें।

कलेक्टर राजस्व अधिकारियों को बंटाकन, सीमांकन, नामांतरण, अभिलेख सुधार, खाता विभाजन, आय जाति निवास और अन्य प्रकरणों को समय सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को लम्बे समय से एक ही टेबल पर बैठे बाबूओं का शाखा बदलने के निर्देश दिए हैं और जिन बाबू द्वारा अनावश्यक फाइल रोक कर रखा जा रहा है उनके ऊपर कारवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने लोगों को राजस्व संबंधी आवेदन किस प्रकार प्रस्तुत करना है और उसकी प्रक्रिया क्या है के बारे में जानकारी देने के लिए तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय और सार्वजनिक जगहों पर बैनर पोस्टर लगवाने और लोगों से अपील करने के निर्देश दिए हैं। ताकि आम नागरिक सही जगह और व्यवस्थित तरीके से अपना आवेदन जमा कर सके। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकरण में पटवारी प्रतिवेदन देने में लापरवाही करते हैं तो ऐसे पटवारी पर भी कार्रवाई किया जावे। इस अवसर पर बैठक में अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, डिप्टी कलेक्टर सहित सभी एसडीएम एवं राजस्व विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# साप्ताहिक समय-सीमा बैठक संपन्न

## एमसीबी में चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाने हेतु कलेक्टर ने दिए निर्देश

- **धान खरीदी, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा, समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश**





**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**एमसीबी।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई, जिसमें विभागीय महत्वपूर्ण पत्रों, पिछले शिविर के लंबित मुद्दों, डीएमएफ कार्यों की प्रगति तथा आगामी बैठक में शामिल होने वाले प्रस्तावों पर चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने समय-सीमा में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उनके निराकरण हेतु सभी विभागों को निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने राज्योत्सव समारोह की सराहना की और एमसीबी जिले में होने वाले नगर पालिक निगम, नगर पंचायत, और पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, तहसीलदारों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी विकासखंडों में मतदान अधिकारी, पीठासीन अधिकारी और सुरक्षाकर्मी नियुक्त करने का निर्देश दिया और सभी मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ जनता के लिए आसानी से पहुंच योग्य बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, स्ट्रांग रूम की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बैठने की सुविधा, और दोनों तरफ से आने-जाने की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। विकलांग व्यक्तियों के लिए रैंप, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया गया ताकि वे बिना किसी कठिनाई के मतदान कर सकें। साथ ही, मतदान केंद्र पर नियुक्त पोलिंग अधिकारियों को चुनाव के दौरान मतदाताओं की पहचान की पुष्टि, सामग्री वितरण, और मतदाता परिचय पत्र में नाम जुड़वाने का कार्य तेज करने का निर्देश दिया गया। बैठक में धान खरीदी खरीफ वर्ष 2024-25 के तहत समितिवार पंजीयन रिपोर्ट, बारदाने की उपलब्धता, उड़नदस्ता दल का गठन, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, कृषक पंजीयन आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त की और कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिले में आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों के विभाग प्रमुखों को विभाग अंतर्गत हुए निर्माण कार्यों के अंतिम भुगतान हेतु चेक लिस्ट और टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। विभागों को आवंटित भूमि के संबंध में निर्देश दिया गया कि आवंटित भूमि का लोकार्पण कराया जाए। रिन्यू विभाग को चिरमिरी में एंजेल निर्वात का सर्वे कराने और इसके बारे में आम नागरिकों को सूचित करने के लिए प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश दिए गए। पासपोर्ट सेवा के लिए अब खड़गवा और भरतपुर से आवेदन किया जा सकता है। इसके साथ ही सरगुजा प्राधिकरण के लंबित कार्यों को पूर्ण करने लिए कहा साथ ही जल जीवन मिशन, रेलवे, आयुष, मेडिकल कॉलेज, और एमसीबी जिले में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत रूम व्यवस्था करने तथा सांसद एवं विधायक निधि का अनुशंसा कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण कमियों को समाप्त कर जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल सिदार, संयुक्त कलेक्टर सी.एस. पैकरा, एसडीएम प्रवीण कुमार भगत, लिंगराज सिदार, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सभी नगर पंचायत सीएमओ, जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्योत्सव कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**जशपुरनगर।** मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने मां सरस्वती, भारत माता की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना कर राज्योत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जशपुर सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रियंवदा सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम राम, कलेक्टर रोहित व्यास सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने अवैध धान परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के दिए निर्देश

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज सभी राजस्व अधिकारियों और खाद्य विभाग के अधिकारियों की धान खरीदी के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर से जिले में धान खरीदी चालू हो जाएगी। सभी 46 उपार्जन केंद्र में धान खरीदी के लिए सभी व्यथा दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं।



कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि जिले के किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। केन्द्र में काटा, बांट, तराजू, डाटा एंट्री आपरेटर, पर्याप्त मात्रा में बारदाना सहित किसानों के लिए छाया, पेयजल, शौचालय और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि जशपुर जिला उड़ीसा और झारखंड बार्डर से जुड़ा हुआ है। जहॉ अवैध धान परिवहन होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। इस हेतु उन्होंने अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए सभी चेक पोस्ट पर अधिकारियों और कर्मचारीयों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उड़नदस्ता दल का गठन करने के भी लिए कहा है। धान खरीदी के समय कोचिया, बिचौलिए की शिकायत मिलती है तो तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में अवैध धान विक्रय नहीं होने पाए अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें। धान खरीदी केंद्र में सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए हैं। किसानों को सही समय पर टोकन वितरण करने के लिए कहा है।

# सांसद श्री चिंतामणि ने जिले में राज्योत्सव का किया शुभारंभ

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य अपने निर्माण के 24 वे वर्ष पूर्ण कर 25 वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। खनिज संपदा, प्राकृतिक सौंदर्य, आदिवासी सभ्यता और संस्कृति से परिपूर्ण यह राज्य लगातार प्रगति के सोपान चढ़ता जा रहा है। राज्य स्थापना के इस गौरवमयी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने सरस्वती वंदना के साथ मां सरस्वती, भारत माता की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया। इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रियम्वदा सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, नपा अध्यक्ष राधेश्याम राम, नपं उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, रामप्रताप सिंह, कृष्ण कुमार राय, सुनील गुप्ता, नरेश नंदे, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत कुशवाहा और सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी व अन्य थे।

# अस्ताचलगामी सूर्य को आज अर्घ्य देंगी महिलाएं




**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा का आज दूसरा दिन है। सोमवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुए इस पर्व में आज व्रती महिलाओं ने खरना से निर्जल उपवास की शुरुआत की।

शाम को महिलाएं स्वच्छ स्थान पर चूल्हा स्थापित कर अक्षत, धूप, दीप और सिंदूर से पूजा की हैं। आटे से रोटी और साठी के चावल से खीर बनाकर इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया, जिसके बाद उनका व्रत शुरू हो गया। यह व्रत अब शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर बाजारों में छठ पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर काफी चहल-पहल दिखाई पड़ी। मंगलवार को व्रती माताओं ने स्नान के बाद कद्दू-चावल का सेवन किया, और घरों में छठ गीतों की ध्वनि गूंज उठी। कोयलांचल के गायत्री मंदिर प्रांगण, गोरखनाथपुर रेण नदी, बिश्रामपुर- भटगांव मुख्य मार्ग पर पासंग नाला, कुमदा तुर्रा नाला, सिलफिली पासंग नाला, हर्राटिकरा घुनघुट्टा नदी, तेलईकछार केनापारा में नाला, क्वारी में छठ पूजा का आयोजन होगा, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रमुख घाटों पर गोताखोरों को तैनात किया गया है और पुलिसकर्मी भी गश्त करेंगे। छठ महापर्व में पहले दिन 5 नवंबर को नहाय-खाय), दूसरे दिन 6 नवंबर को खरना, तीसरे दिन 7 नवंबर को सायं 5 बजकर 29 मिनट पर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और 8 नवंबर को सुबह 6 बजकर 32 मिनट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व का हवन पूजन कर पारण किया जाएगा।

**दोपहर बाद बंद होगा आवागमन**

सूर्य षष्ठी छठ महापर्व पर गुरुवार 7 नवंबर को बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग को गायत्री मंदिर के डीएमक्यू कालोनी मार्ग मोड़ के पास से आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि दोपहर बाद यहां गायत्री मंदिर व अन्य छठ घाट पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षागत दृष्टिकोण से ऐसा कदम उठाया जा रहा है। दोपहर बाद छठ घाट के मुख्य मार्ग पर काफी ज्यादा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होने लगता है।

## पीपीजीटी समुदाय के बीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** लखनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत लोसंगा में स्वास्थ्य विभाग व पीरामल फाउंडेशन के द्वारा पीवीटीजी समुदाय के बीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसी क्रम में पीरामल की जिला कार्यक्रम समन्वयक सरस्वती विश्वकर्मा के द्वारा ग्रामीणों और बच्चों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के तहत ग्रामीणों और बच्चों का नि:शुल्क जांच, उपचार कर दवाइयां दी गई।

बता दें कि पिरामल फाउन्डेशन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर टीबी मुक्त पंचायत की पहल की जा रही है। शिविर का मु य उद्देश्य सभी ग्रामीणों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण से जोड़ना व दवा उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन व जिला नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में यह शिविर निरन्तर जारी है। शिविर का लगभग 120 ग्रामीणों को लाभ मिला। लोसंगा स्वास्थ्य विभाग व कुन्नी से उपस्थित डॉ. विनोद भार्गव, सीएचओ मनीषा पैकरा, सुपरवाइजर, आरएचओ रामेश्वर, एएनएम के द्वारा शिविर में मु य भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवेंद्र कुमार ठाकुर, सुनीता, दीपक यादव उपस्थित रहे। शिविर में टीबी के 19 संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। टीबी मितान ताहरुननिशा के द्वारा स्पूटम सैंपल लेकर जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

# जिपं सीईओ ने पीएम आवास के कार्यों का किया निरीक्षण




**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** शासन की महत्वकांक्षी पीएम आवास योजना का राज्य स्तर से निरंतर समीक्षा की जा रही है। हाल ही में बड़े पैमाने पर आवास की स्वीकृति देकर प्रथम किस्त हितग्राहियों को प्रदाय की गई है। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में आवास हितग्राहियों से डोर टू डोर संपर्क, आवास चौपाल के माध्यम से समझाइश व जल्द निर्माण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू द्वारा सूरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत लटोरी एवं महेशपुर में हितग्राहियों का चौपाल लगाकर उन्मुखीकरण और उनसे आवास निर्माण के बारे में चर्चा किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत में निर्माण नहीं कर रहे हितग्राहियों के आवास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ द्वारा मातहत अधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

## नाला के पास गिरे वृद्ध की मौत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** नाला के पास गिरे वृद्ध की मौत हो गई। मृतक को रायगढ़ जिला के कापू स्वास्थ्य केन्द्र से इलाज के बाद रेफर किया गया था। चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिला के कापू थाना अंतर्गत सकालो जाटापारा का गोविन्द राम पिता स्व. जेकाई 75 वर्ष बीते 5 नव बर को दिन में करीब 11.30 बजे गांव के ही मसान ढोहड़ा नाला के पास गिर गया था। इसकी जानकारी वृद्ध के पोता संदीप तिर्की ने अपने पिता को दी थी। सूचना मिलने पर वृद्ध का पुत्र चुन्ठू राम मौके पर पहुंचा तो उसके पिता बेहोशी की हालत में थे और बातचीत नहीं कर रहे थे। डॉयल 112 वाहन से पुलिस ने वृद्ध को कापू स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। यहां से रेफर करने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया, यहां 5 नव बर को शाम 5.50 बजे चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

## कार्मिक अधिकारियों के तबादला आदेश में संशोधन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल प्रबंधन ने गत दिनों सितंबर माह में कार्मिक अधिकारियों के किए गए तबादला आदेश में संशोधन कर 6 नवंबर को संशोधित तबादला आदेश जारी किया है। जिसमें सुधा बी सेंडे सीनियर मैनेजर को कुसमुंडा से गेवरा क्षेत्र, राकेश मचल जोहिला से हसदेव क्षेत्र, रामा चक्रवर्ती गेवरा से सीईडब्ल्यूएस गेवरा, रवि कुमार का स्थानांतरण रद्द कर बिश्रामपुर में ही कार्य करने आदेशित किया गया है। मीता चटर्जी हेडक्वार्टर में मेन पावर डिपार्ट में पूर्ववत कार्य करती रहेंगी।

## किराना दुकान संचालक की रिपोर्ट पर स्कार्पियो वाहन चालक के विरूद्ध केस दर्ज

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत होटल बंधन इन के सामने बेकाबू स्कार्पियो वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत और कई वाहनों, मुर्गियों को चपेट में लेने के मामले में पुलिस ने चालक के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। दिलीप गोलदार पिता स्व. पंचुराम गोलदार 48 वर्ष निवासी डिगमा बंगालीपारा ने पुलिस को बताया है कि वह भगवानपुर मु य मार्ग में अनिल किराना दुकान का संचालन करता है। 05 नव बर को रोजाना की तरह वह दुकान में था। करीब 12.20 बजे चठिरमा की तरफ से स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 सीजेड 9994 लेकर चालक आ रहा था, जो तेज र तार में था। चालक काफी तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके दुकान के बगल में लगे मुर्गी दुकान के जाली को तोड़ दिया और किराना दुकान के सामने खड़ी रमेश विश्वास की अपाचे मोटरसायकल को रौंदते हुए दुकान के लगे लोहे की सीढ़ी व शेड को तोड़ दिया। इसके बाद चालक दयालाल की स्पलेंडर मोटरसायकल को ठोकर मारा और टीव्हीएस. एक्सल दोपहिया में फेरी लगाकर सामान देने आए विजय गुप्ता को चपेट में ले लिया। कुछ दूरी पर जाकर स्कार्पियो वाहन पलट गई थी। दुर्घटना में दोपहिया वाहनों को काफी क्षति पहुंची है वहीं डॉयल 112 में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए गए फेरी व्यवसायी विजय गुप्ता की अस्पताल पहुंचते तक मौत हो गई। पुलिस ने मामले में स्कार्पियो वाहन चालक के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। मामले में अग्रिम जांच कार्रवाई करने में पुलिस लगी है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।



## सीमावर्ती जिले में मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** पड़ोसी राज्य झारखण्ड में 13 एवं 20 नवम्बर 2024 को विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान होना है। जिले में पड़ोसी राज्य झारखण्ड के बहुत से मतदाता निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में नियोजित है। छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के आदेशानुसार कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने ऐसे नियोजित/कार्यरत प्रत्येक श्रमिक/कर्मचारियों को लोक प्रतिनिधित्व, 1951 की धारा 135 ख के तहत मतदान के दिन सवेतन अवकाश मंजूरी में मतदान के दिन को सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# राज्योत्सव में आमंत्रित कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुती

**नृत्य एवं सुरीली आवाज से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक, कार्यक्रम देखने उमड़ी लोगों की भीड़**




**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित राज्योत्सव के संध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में रीति रिवाज डांस ग्रुप बिलासपुर एवं म्यूजिक बैंड इंडियन रोलर भिलाई के कलाकारों ने मंच साझा किया। उनके द्वारा दी गई प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रीति रिवाज डांस ग्रुप ने गणेश वंदना में नृत्य कर कार्यक्रम का आगाज किया। तत्पश्चात उन्होंने विभिन्न बॉलीवुड गानों पर नृत्य कर शानदार प्रस्तुती दी। म्यूजिक बैंड इंडियन रोलर भिलाई के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक बॉलीवुड गानों की प्रस्तुती दी। उपस्थित दर्शकों ने तालियों के गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। दर्शकों के उत्साह को देखते हुए कलाकारों ने घंटों तक लगातार अपनी गीतों का जादू चलाया। महिलाओं में विशेष रूप से संध्या कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा गया। बच्चों और पुरुषों ने भी आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में रीति रिवाज डांस ग्रुप एवं म्यूजिक बैंड इंडियन रोलर भिलाई के कलाकरों को स्मृति चिन्हं एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के अंत तक पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री कृष्णा गुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष श्री भानूप्रकाश दीक्षित, गणमान्य नागरिक ओमप्रकाश जायसवाल, कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रमनलाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील, जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे।

# दहेज के लिए प्रताड़ना का संताप झेल रही महिला पहुंची थाना, केस दर्ज

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** तीन वर्षों से दहेज प्रताड़ना का दंश झेल रही मुस्लिम परिवार की एक महिला ने पति, सास-ससुर और तीन ननदों के द्वारा लगातार मिल रही प्रताड़ना की रिपोर्ट महिला थाना में दर्ज कराई है। आरोप है कि दहेज में मांग के अनुरूप नगद रकम, आभूषण सहित अन्य घरेलू सामान देने के बाद भी लगातार रुपये और चार चक्का वाहन की मांग पूरी करने उस पर दबाव बनाया जा रहा था। बाद में उसे घर से बाहर कर दिया गया।

रेशमा परवीन 32 वर्ष, निवासी मिल्लतनगर, खरसिया नाका ने पुलिस को बताया है कि उसका निकाह 15.11.2021 को मुस्लिम रीति-रिवाज से ग्राम-मांडू जिला-रामगढ़ झारखण्ड के साकिब अंसारी पिता फैज अंसारी के साथ हुआ था। निकाह के समय उसके पिता ने स्वर्ण आभूषण व एक लाख 30 हजार रुपये नगद रकम चेक के माध्यम से पति साकिब अंसारी को दिया था। वहीं निकाह के उपरांत 01 लाख 80 हजार रुपये उसके ससुर फेज अंसारी के मांग करने पर दिया था। विवाहिता का आरोप है कि वलीमा के तीसरे दिन से ही ससुराल में दहेज में कुछ नहीं मिलने की बात कहते हुए चार चक्का गाड़ी लेकर आने नहीं तो बेटे से तलाक दिलवा देने का उलाहना मिलने लगा। इनके द्वारा पिता से 03 लाख 50 हजार रुपये मांगकर देने कहा गया। रुपये नहीं मिलने पर ससुराल पक्ष की ओर से आए दिन गाली-गलौज करते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसके बाद पति साकिब अंसारी ने जनवरी 2022 में उसे मायके में छोड़ दिया और रुपये मिलने के बाद ही अपने साथ में रखने की बात कही गई। इसके बाद महिला के पिता ने अपने रिश्तेदारों एवं परिचितों से उधार मांग कर 50 हजार रुपये दिया, इसके बाद पति साकिब विदाई कराकर उसे ले गए। गर्भवती होने पर पुन: दहेज में चार चक्का गाड़ी एवं नगद रकम की मांग कर उसे तरह-तरह से प्रताड़ित किया गया। ससुर को जब पता चला वह गर्भपात कराने से मना कर रही है तो वे भी गाली-गलौज करते हुए बात मानने अन्यथा मायके जाने का फरमान सुना दिया। पति के द्वारा कमरे में बंद करके मारपीट करने के बाद दर्द की दवा बताकर गर्भपात का दवा खिला दिया गया, जिससे उसका गर्भपात हो गया। 22 मार्च 2022 को मायके भेजने के दो-तीन माह बाद पति ने 50 हजार रुपये की मांग की और रुपये मिलने के बाद ही अपने साथ लेकर गया। पुन: गर्भवती होने पर गर्भपात के लिए जोर देते हुए मायके भेज दिया गया। इसके बाद भी कभी 30 हजार तो कभी 40 हजार रुपये मिलने के बाद पति उसे साथ में ले जाता था।

बेटी का जन्म होने पर उसके साथ पुन: गाली-गलौज व मारपीट की गई। महिला ने पति पर स्मैक का सेवन करने के लिए दबाव बनाने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट पर पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## दुष्कर्म व हत्या करने की धमकी, महिला की रिपोर्ट पर केस दर्ज

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र की एक महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा गालीगलौज करते हुए हत्या और दुष्कर्म करने की धमकी देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

महिला ने पुलिस को बताया है कि कृष्णा विश्वास पिता नेपाल विश्वास 45 वर्ष बीते एक माह से लगातार घर आकर दुष्कर्म व हत्या करने की धमकी दे रहा है। 05 नवंबर, मंगलवार को आरोपी पुन: मोबाइल पर कॉल करके धमकी दे रहा था, इससे परेशान होकर वह थाना गांधीनगर रिपोर्ट दर्ज कराने आ रही थी। इस दौरान आरोपी उसका थाने तक पीछा किया। जब वह अपनी स्कूटी को थाना परिसर के अंदर डाली तो भाग गया। महिला ने अनहोनी की संभावना व्यक्त करते हुए घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराई है, जिस पर आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर पुलिस मामले में अग्रिम विधिस मत कार्रवाई कर रही है।

## मदनपुर में टाटा मेजिक वाहन चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत मदनपुर के चौदहा पेट्रोल पंप के पास आज शाम छोटा हाथी चालक ने बाइक सवार को विपरीत दिशा से जबरदस्त टक्कर मार दिया है। दुर्घटना में बाइक सवार को गंभीर चोट आई है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 किनारे स्थित चौदहा पेट्रोल पंप के पास के पास बुधवार की शाम अंबिकापुर की ओर से मनेंद्रगढ़ की ओर जा रहे टाटा मेजिक वाहन क्रमांक सीजी 16 सीआर 7702 के चालक ने अंबिकापुर की ओर जा रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 8104 को विपरीत दिशा से जबरदस्त टक्कर मार दिया है। दुर्घटना में बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आई है। साथ ही यहां पर करीब आधा घंटे तक एनएच पर जाम लग गई थी। जाम की वजह से सुरजपुर से भाजपा पार्टी की बैठक में शामिल होकर अंबिकापुर लौट रहे सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज भी फंसे रहे। सरगुजा सांसद द्वारा तत्काल मौके पर वाहन से उतरकर घायल युवक को दूसरे वाहन से अंबिकापुर अस्पताल भिजवाने का कार्य उपस्थितजन की मदद से किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टाटा मेजिक वाहन का चालक यहां पर बदहाल सड़क के गड्ढे से बचने के चक्कर में गलत दिशा में आकर बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया है। बताया जा रहा है कि घायल बाइक सवार युवक ग्राम पंचायत अजबनगर का रहने वाला है। फिलहाल जयनगर पुलिस मौके पर पहुंचकर विवेचना शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटनाकारित वाहन को जब्त कर लिया है।

# छत्तीसगढ़ राज्य के विकास में सरगुजा का हो अभूतपूर्व योगदान - रामविचार नेताम

**राज्योत्सव में मुख्य अतिथि श्री नेताम द्वारा हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण, विभिन्न विभागों के लगे स्टॉल, जीवंत मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर / राज्योत्सव 2024 के जिला स्तरीय समारोह का रंगारंग आयोजन अम्बिकापुर के कलाकेंद्र मैदान में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। श्री नेताम ने राज्योत्सव के गरिमामय आयोजन में शामिल होकर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं गृह मंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी के प्रयास से यह छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया है। नक्सल आतंक को पछाड़ कर आज छत्तीसगढ़ के विकास के मॉडल के रूप में उभरा है। परिवर्तन के दौर में हमें अवसर मिला है और हमने विकास के मॉडल को पूरा किया है। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वयं का आवास, महतारी वंदन योजना के तहत माताओं को प्रतिमाह 1000 रुपए दिए जा रहे हैं। मोदी की गारंटी पूरी हुई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासकीय योजनाओं के तहत लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। आज सरगुजा में दरिमा एयरपोर्ट शुरू हो गया है, उड़ान सेवा भी जल्द शुरू होगी। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर सरगुजा जिले को विकसित जिला बनाएंगे।







## राज्योत्सव में मुख्य अतिथि श्री नेताम द्वारा हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण

राज्योत्सव में मुख्य अतिथि श्री रामविचार नेताम ने समस्त स्टालों का अवलोकन किया और हितग्राहियों को हितग्राही मूलक सामग्रियां प्रदान की। उन्होंने मत्स्य पालन विभाग द्वारा 2-2 हितग्राहियों को जाल एवं आइस बॉक्स, कृषि विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को विद्युत पम्प 10 हितग्राहियों को मसूर वितरण, 35 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया, उद्यान विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को पॉवर स्प्रेयर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 03 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड, पशुधन विकास विभाग द्वारा राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजनान्तर्गत 02 हितग्राहियों को चेक वितरण किया गया। इसके साथ ही श्रम विभाग की ओर से 139 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

राज्योत्सव कार्यक्रम के अवसर पर हमर पारा तुंहर पारा फेम छत्तीसगढ़ी लोक गायक श्री सुनील मानिकपुरी द्वारा लोकगीतों की प्रस्तुति दी जा रही है। वहीं गायिका हिमांगी त्रिपाठी, गायक राहुल मण्डल, प्रियांशु मिश्रा, गायिका शताक्षी वर्मा भी अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। इसके साथ ही नीरा यादव एवं सृष्टि भदौरिया द्वारा शास्त्रीय नृत्य, रामदल द्वारा शैला नृत्य, रिदम बैण्ड द्वारा प्रस्तुति, गौरव एण्ड टीम द्वारा आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति भी दी जा रही है। राज्योत्सव में लोकगीतों, लोकनृत्यों की सुंदर प्रस्तुतियों में लोक संस्कृति की झलक देखने मिली। विद्यालय-महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं की थीम आधारित प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं। इसके साथ ही स्थानीय एवं आमंत्रित कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों से राज्योत्सव की शाम गुलजार रही।

## विभिन्न विभागों के लगे स्टॉल, जीवंत मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र

राज्योत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। यहां लोगों को विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं शासकीय योजनाओं पर जीवंत मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान जिला पंचायत के स्टॉल में प्रधानमंत्री आवास योजना का मॉडल प्रस्तुत किया गया, साथ ही बिहान की दीदियों द्वारा बनाई गई वस्तुएं प्रदर्शित की गई। उद्यानिकी विभाग द्वारा धान की बालियों से निर्मित आकर्षक छत्तीसगढ़ का नक्शा बनाया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के स्टॉल में जल जीवन मिशन योजना की जीवंत प्रदर्शनी लगाई गई। जिला जेल के स्टॉल में बंदी कलाकारों द्वारा निर्मित विविध सामग्रियों की खूब बिक्री हुई।

# यूपी उपचुनाव के लिए बसपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट

**मायावती के बाद सतीश मिश्र; तीसरे नंबर पर आकाश आनंद**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बसपा के 40 स्टार प्रचारकों में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा को जगह दी गई है, जबकि पार्टी के युवा चेहरे नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद को तीसरे स्थान पर रखा गया है। लोकसभा चुनाव में बसपा के स्टार प्रचारकों की सूची में आकाश आनंद पार्टी प्रमुख मायावती के बाद दूसरा सबसे बड़ा चेहरा थे। बसपा के स्टार प्रचारकों में पार्टी प्रमुख मायावती, सतीश चंद्र मिश्र, आकाश आनंद, विश्वनाथ पाल, समसुद्दीन राईन, सतपाल पीपला, नरेश गौतम, दारासिंह प्रजापति, मौलाना जमीन अहमद कासमी, मौलाना सालिम कुरैशी, पुष्पांकर पाल, सत्य प्रकाश, प्रेमचंद्र गौतम, रविंद्र गौतम, विजेंद्र कश्यप, रवि सहगल, जनेश्वर प्रसाद, सतीश कुमार, सुनील जाटव, कुलदीप बालियान, मो. आसिफ, आजाद मावी, कुलदीप प्रधान, श्रीपाल पाल, इंतेजार राना, राहुल ठाकुर, प्रशांत गौतम, सुशील वर्मा, रणवीर सैनी, अनिल कुमार उर्फ पप्पू, कुलदीप प्रधान, आशीर्वाद आर्या, अमित त्यागी, देवीदास जयंत, आनंद प्रकाश, जगपाल ननौता, राकेश पाल, ऋषिपाल तोमर और मास्टर विजय पाल शामिल हैं।

# छठ पर्व के मद्देनजर कलेक्टर-एसपी ने घुनघुट्टा एवं शंकरघाट में तैयारियों का लिया जायजा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर - छठ पर्व के मद्देनजर कलेक्टर विलास भोसकर और पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बुधवार को अम्बिकापुर के घुनघुट्टा घाट एवं शंकर घाट का निरीक्षण किया। प्रशासनिक अमले के साथ दोनों स्थलों पर पहुंचकर कलेक्टर एवं एसपी ने तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री भोसकर ने शंकर घाट पहुंचकर तैयारियों का अवलोकन करते हुए छठ पूजा समिति के सदस्यों से पर्व के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक टीम को पूजा स्थल पर सुरक्षा हेतु नगर सैनिकों की ड्यूटी, एवं मुख्य मार्ग पर आवश्यक बैरीकेडिंग, श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या के मद्देनजर पुलिस बल की ड्यूटी लगाए जाने, पार्किंग की व्यवस्था, आवागमन रूट निर्धारित करने, निर्बाध यातायात सहित स्वास्थ्य टीम की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने घुनघुट्टा घाट का भी निरीक्षण किया और समिति के सदस्यों ने प्रशासनिक सहयोग की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने पुलिस की टीम को निर्देशित किया कि सुरक्षा एवं निगरानी हेतु राजस्व टीम के साथ आवश्यक समन्वय करते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सहज आवागमन एवं पार्किंग की व्यवस्था हो। आवागमन रूट निर्धारित कर वाहनों के आने जाने को नियंत्रित किया जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लों, एसडीएम अंबिकापुर श्री फागेश सिन्हा सहित राजस्व एवं पुलिस की टीम मौजूद रही।





## शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु लगी मजिस्ट्रियल ड्यूटी

सूर्यषष्ठी (छठ पूजा) पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें अनुभाग क्षेत्र अम्बिकापुर का सम्पूर्ण प्रभार अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अम्बिकापुर फागेश सिन्हा, अनुभाग क्षेत्र सीतापुर का सम्पूर्ण प्रभार अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सीतापुर रवि राही, अनुभाग क्षेत्र उदयपुर का सम्पूर्ण प्रभार अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी उदयपुर बनसिंह नेताम, अनुभाग क्षेत्र धौरपुर (लुण्ड्रा) का सम्पूर्ण प्रभार अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी धौरपुर नीरज कौशिक को दिया गया है। इसी प्रकार स्थानीय शंकर घाट अम्बिकापुर हेतु तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अम्बिकापुर उमेश्वर सिंह बाज को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अम्बिकापुर अवस्थित समस्त पूजा स्थल एवं तालाब हेतु नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अम्बिकापुर जयेश कंवर, थाना गांधीनगर क्षेत्र अम्बिकापुर अवस्थित समस्त पूजा स्थल एवं तालाब हेतु अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सुश्री चित्रलेखा के. चन्द्रवंशी, मणीपुर थाना अम्बिकापुर अवस्थित समस्त पूजा स्थल एवं तालाब हेतु नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अम्बिकापुर निखिल श्रीवास्तव, तहसील दरिमा क्षेत्र श्याम घुनघुट्टा डैम हेतु तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दरिमा अमन चतुवेर्दी तथा नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दरिमा अजय कुमार गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई है।

# डबल इंजन की सरकार से चहुँमुखी विकास की ओर बढ़ रहा छत्तीसगढ़: जायसवाल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के पंडित चक्रपाणि स्कूल मैदान में राज्योत्सव के रूप में मनाया गया। देर रात तक छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति एवं रीति-रिवाजों पर केन्द्रित रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। राज्योत्सव समारोह की मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने की विशेष अतिथि के रूप में की। इस मौके पर मुख्य मंच से जिला प्रशासन द्वारा नवाचारी कार्यों के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हितग्राहियों के लिए सहज रेत उपलब्धता हेतु ई-रेत संगवारी एप्लिकेशन 1.0 का लांच एवं जिला लाइब्रेरी में कैरियर काउंसलिंग के लिए विशेष कैरियर इन्फॉर्मेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य की 24 वें स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामना देते हुए कहा की छत्तीसगढ़ प्रदेश निर्माण की मांग को तत्कालीन प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने पूरा करते हुए अलग छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया।

# राज्योत्सव के जिला स्तरीय समारोह में जिले के 24 शिक्षक हुए सम्मानित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर - राज्योत्सव 2024 के जिला स्तरीय समारोह में मंगलवार कोछत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम के द्वारा जिले के 24 शिक्षक सम्मानित हुए। इस सम्मान समारोह में प्रत्येक विकासखण्ड के तीन-तीन शिक्षक को शिक्षादूत तथा जिला स्तर पर तीन शिक्षकों को ज्ञानदीप सम्मान दिया गया। श्री नेताम ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।



सम्मान प्राप्त सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि का चेक प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण में शिक्षादूत को पुरस्कार राशि में 2 हजार रुपए तथा ज्ञानदीप में राशि 5 हजार रुपए प्रदान की जाती है। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण में शिक्षादूत पुरस्कार से श्रीमती रचना गुप्ता, श्रीमती दिव्या तिवारी, श्रीमती प्रियंका राय गुप्ता, श्रीमती राजमुनी किण्डो, श्री संतोष कुमार गुप्ता, श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव, श्री विरेन्द्र कुमार, श्री सरमान सिंह विद्यंराज, श्री ज्योतिष कुमार तिग्गा, श्री उमेश कुमार कुशवाहा, श्रीमती पुष्पा सिंह, श्रीमती फरीदा अख्तर, श्री गायत्री सोनवानी, श्रीमती शशि शर्मा, श्री कृष्णा दास, श्रीमती लीली पुष्पाली, श्रीमती देवस्वरूपा टोप्पो, श्री टिबला तिग्गा, श्री शिवपाल सिंह, श्रीमती निर्मला पुष्पीका किरण एवं श्रीमती शशिकांता तिर्की को तथा ज्ञानदीप पुरस्कार से श्री दयाराम पटेल, श्रीमती संध्या जोशी एवं श्रीमती प्रीति पाण्डेय को सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक सिन्हा, एडीपीओ श्री रमेश सिंह, एपीसी श्री रविशंकर पाण्डेय तथा एपीसी श्री भरत लाल अग्रवाल ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी तथा प्रोत्साहित किया।

# जुआरियों के फड़ में छापा, 17 गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बिलासपुर। पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह (भापुसे) के द्वारा जिले में दिवाली त्योहार के मद्देनजर जुआ पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है इसी क्रम में मुखबीर से सूचना मिला की क्रांति नगर स्थित एक मकान में कुछ लोग ताश पत्ती से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं कि सूचना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(अउउव) अनुज गुप्ता, नगर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) अक्षय कुमार साबद्रा (भापुसे) को दी गई जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल घेराबंदी कर जुआरियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए जिस पर तत्काल अउउव और थाना तारबाहर से एक संयुक्त टीम मौके की ओर रवाना किया गया जो टीम के द्वारा मुखबीर के बताये पते पर दबिश दिया गया जहाँ से 17 जुआरीयो को जुआ खेलते पकड़ा गया जुआरियों के कब्जे से 3,45,000 हजार रुपए नगदी जप्त किया गया सभी जुआरियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया तथा सभी आरोपियों के विरुद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

# 302 किलोमीटर लंबे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर खर्च होंगे 1939 करोड़, योगी कैबिनेट में लिया गया फैसला

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ। आगरा को लखनऊ से जोड़ने वाले आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के मरम्मत और रखरखाव पर अगले पांच वर्षों में 1939 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सोमवार को कैबिनेट ने औद्योगिक विकास विभाग से जुड़े इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

302 किलोमीटर लंबे व छह लेन चौड़े आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे (आठ लेन विस्तार योग्य) की मरम्मत और रखरखाव का कार्य उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को सौंपा गया है। कैबिनेट की अनुमति के बाद यूपीडा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की मरम्मत व रखरखाव के लिए फर्म का चयन करेगा। आगरा और लखनऊ को जोड़ने वाला यह एक्सप्रेसवे आगरा इनर रिंग रोड से शुरू होता है, जो फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज, कानपुर नगर, हरदोई, उन्नाव जिलों से गुजरते हुए लखनऊ में राज्य राजमार्ग-40 पर समाप्त होता है।

## अब छह सदस्यीय समिति के माध्यम से होगा डीजीपी का चयन

राज्य सरकार ने अपने स्तर से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के चयन का रास्ता साफ कर लिया है। डीजीपी के चयन के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा। समिति में मुख्य सचिव, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से एक सदस्य, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या उनकी तरफ से नामित अधिकारी के अलावा अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव गृह व पूर्व डीजीपी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में डीजीपी की नियुक्ति के लिए पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश के पुलिस बल प्रमुख) चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 संबंधी अहम प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई। प्रदेश में करीब तीन वर्षों से स्थायी डीजीपी की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। नई नियमावली बनने के बाद अब सरकार को स्थायी तौर पर डीजीपी की नियुक्ति के लिए यूपीएससी से मंजूरी की जरूरत नहीं होगी।

सर्वोच्च न्यायालय ने डीजीपी की नियुक्ति को लेकर वर्ष 2006 में एक याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस व्यवस्था को सभी दबाव से मुक्त करने के लिए राज्य सरकार से कानूनन नई व्यवस्था बनाने की अपेक्षा की थी। उसके बाद पंजाब, तेलंगाना व आंध्र प्रदेश सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के संबंध में नियमावली बना रखी है। इस तरह से डीजीपी की नियुक्ति के लिए नई नियमावली बनाने वाला उत्तर प्रदेश चौथा राज्य बन गया है।

# उत्तर प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे तीन-तीन छोटे पुल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में तीन-तीन लघु सेतुओं का निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि शहरी क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त व संकरे सेतुओं के स्थान पर नए सेतु बनाए जाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी धर्मों व संप्रदाय व पंथों के धार्मिक व पौराणिक पर्यटन स्थलों को बेहतर संपर्क मार्गों से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि परियोजनाओं में गड़बड़ी होने पर जेई से लेकर चीफ इंजीनियर तक की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने सोमवार को अपने सरकारी निवास पर लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की। विभागीय मंत्री होने के नाते उन्होंने कहा कि समझौते का पालन न करने वाली कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किया जाए। विकास कार्यों का लाभ सभी 75 जिलों को मिलना चाहिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय व अंतरराज्यीय सीमा पर बन रहे मैत्री द्वारों का निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख जिला मार्गों को कम से कम दो लेन व अन्य जिला मार्गों को डेढ़ लेन तक चौड़ा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने क्षतिग्रस्त सेतुओं को तत्काल सही कराने व दीर्घ सेतुओं के निर्माण के लिए सभी जिलों से प्रस्ताव मंगवाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि ठेका लेने वाली कंपनी को ही निर्माण की मंजूरी दी जाए। उन्होंने सभी पूरे हो चुके कार्यों की थर्ड पार्टी ऑडिट भी कराने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने दीन दयाल उपाध्याय तहसील व ब्लाक मुख्यालय योजना के तहत सभी तहसीलों व ब्लाकों को कम से कम दो लेन मार्गों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने देवरिया-बरहज मार्ग का सुदृढ़ीकरण कराने को कहा है। सड़क निर्माण के कार्यों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों को न कटने की सलाह दी है। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास विभाग, एमएसएमई एवं जैव ऊर्जा विभाग द्वारा डिफेंस कारिडोर, औद्योगिक लॉजिस्टिक्स पार्क, औद्योगिक क्षेत्र और प्लेज पार्क योजना के तहत विकसित किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्रों को चार लेन मार्गों से जोड़ने को कहा है। साथ ही कहा कि सभी विधानसभाओं के प्रमुख जिला मार्गों को सात मीटर चौड़ा एवं अन्य जिला मार्गों को 5.50 मीटर चौड़ा किया जाए। निर्माण के समय इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## सम्पादकीय

# हिंदुओं-मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे कनाडा

भा मानवाधिकार के पैरोकार का झंडा उठाए कनाडा सरकार को मंदिरों व हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। वोट बैंक तुष्टिकरण के लिए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपने ही मुल्क के मंदिरों व हिंदुओं पर हमले की छूट किसी को नहीं दे सकते हैं। कनाडा के ब्रैम्पटन में रविवार को एक हिन्दू मंदिर में लोगों पर हमला हुआ। कथित रूप से हमला खालिस्तान समर्थकों ने किया और इस दौरान कनाडाई पुलिस मूकदर्शक बनी रही। यह हमला तब हुआ, जब कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारी मंदिर में गए थे। साफ है कि हमलावर भारतीय अधिकारी को निशाना बनाना चाहते थे। हाल में जस्टिन ट्रूडो की कारगुजारियों की वजह से भारत व कनाडा के संबंध खराब से खराबतर होते गए हैं। अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा करना ट्रूडो सरकार का दायित्व है। बेशक जस्टिन ट्रूडो ने हमले की निंदा की है, वे दिवाली पर हिंदू मंदिर भी गए थे, इसके बावजूद उनकी खालिस्तान समर्थकों के प्रति हमदर्दी जगजाहिर है। दरअसल, भारतीय उच्चायोग ने तीन नवंबर को टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिन्दू सभा मंदिर के साथ मिलकर कैंप का आयोजन किया था। इसमें भारत विरोधी लोगों ने हिंसा की। तो क्या वोट बैंक के दबाव में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर खालिस्तानी आतंकियों को कनाडा में खुली छूट मिली हुई है? पिछले साल जून में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में गोली मारकर हत्या हो गई थी। कनाडा के पीएम ट्रूडो ने इस हत्या के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। तबसे संबंध बिगड़ते गए हैं। आज बेहद खराब स्थिति में है। अब मंदिर में हिंदुओं पर हमला रिश्ते को और खराब करेगा। इसके लिए कनाडा ही ज़िम्मेदार है। दुर्भाग्य से भारत की सुरक्षा चिंता को लेकर कनाडा संवेदनशील नज़र नहीं आता है। खुद कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने मंदिर में हिंसा की निंदा करते हुए कहा है कि 'खालिस्तानी चरमपंथियों ने लाल रेखा पार कर ली है, जो कनाडा में हिंसक खालिस्तानी आतंकवाद के उदय को उजागर करता है।' इसी साल जुलाई में एडमॉन्टन में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। मंदिर के गेट और पीछे की दीवार पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक पोस्टर चिपका दिए गए थे। इस पर हरदीप सिंह निज्जर की तस्वीर भी लगी थी। सरे का लक्ष्मी नारायण मंदिर ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत का सबसे पुराना और सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। यहां भी पिछले साल तोड़फोड़ हुई थी। पिछले वर्ष 2023 में विंडसर में एक हिंदू मंदिर को क्षतिग्रस्त किया गया था। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों में हिंदू मंदिरों को नफरत से तोड़ा गया है। इस मुद्दे पर विपक्षी दल कांग्रेस भी सरकार के साथ दिखाई दे रही है। हिंदुओं और मंदिरों पर हमले एक ग्लोबल ट्रेंड बन कर उभर रहा है। कनाडा के अलावा ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ब्रिटेन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश आदि देशों में भी हिंदू और मंदिर निशाने पर हैं। भारत सरकार को इन प्रवृत्तियों को पहचान कर हिंदुओं व मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गंभीर चेष्टा करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के फोरम से सुरक्षा की आवाज उठाई जानी चाहिए। भारत विरोधी ताकतों को यूं ही हिंसा करने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता है। इसके खिलाफ स्टर्न एक्शन लिया जाना चाहिए।



यूएस राष्ट्रपति चुनाव
आर.के. सिन्हा

# ट्रंप या हैरिस, सशक्त ही होंगे संबंध

भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालांकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में नया अध्याय शुरू किया। अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होना है। अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहे भारतीय मूल की कमला हैरिस बनें या फिर डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे।

अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहे भारतीय मूल की कमला हैरिस बनें या फिर डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है।

आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालांकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में, शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया, और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया।

आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है, और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है।

प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। 'सिलिकॉन वैली' में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी



भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है।

बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस बीच, अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्गंना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेनी चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी नृत्य की नृत्यांगना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं, पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं। शेरोन लोवेन से अब अमेरिका बहुत दूर छूट चुका है। वह भारतीय हो गई हैं। शेरोन लोवेन 1975 में मिशिगन विश्वविद्यालय से मानविकी, ललित कला, एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आईं थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत-अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।

*-लेखक पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*

## विचार
डॉ. शंकरलाल शास्त्री

# विद्या से ही विनम्रता और सुख -शांति संभव

आज शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिदिन बढ़ते पायदानों में जो पद्धतियां हमारे प्राचीन वाड्मय में बताई गई थी उसे हम कितना निभा पा रहे हैं। गुरु के प्रति सेवा भाव यानी गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति। वहीं दूसरी पद्धति बताई गई उपलब्ध धन या स्व स्तर पर उच्च शिक्षा संस्थानों से अध्ययन परंपरा किंतु यहां भी कई छात्रों को अन्याय का सामना करना पड़ता है। हमें चाहिए कि अंधेरे घरों को भी उजाले की रोशनी से हम जगमगा दें पर कड़वा सच यह भी है कि रोशनी फैलाने वाले कुछेक उच्च शिक्षा की बड़ी - बड़ी अट्टालिकाओं में दाखिला लेने वाले कुछेक छात्रों को उनके साथ अन्याय और अमानवीयता के व्यवहार के चलते दर-दर भटकने को मजबूर होना पड़ता है। आज ऐसे छात्रों को ज्ञान ज्योति की अपेक्षा अपना उल्लू साधकर और मोटी फीस वसूल कर उन्हें ठेंगा दिखाकर दारिद्रय और अज्ञानांधकार में गोते लगाने को विवश कर दिया जाता है। इसी क्रम में ग्रेटर नोएडा के गौतमबुद्ध नगर के एक निजी विश्वविद्यालय में दाखिला लिए एक छात्र को अध्ययन के लिए एक भी दिन का अवसर नहीं दिया जाता है और सिर्फ ऊपरी प्रभावों के चलते शिक्षा रुपी द्वार से दूर ही रखा जाता है, आश्चर्य है। हालांकि यह विश्वविद्यालय शिक्षा का कम राजनीति के अखाड़ों का द्वार ज्यादा बना है। अपनी फीस रिफंड के लिए छात्र कलम घिस - घिस कर थक जाते हैं। जब एक शिक्षार्थी ने शिक्षा मंत्रालय से अपनी पीड़ा जाहिर की तो मंत्रालय ने प्रकरण का संज्ञान लेकर छात्र को बताया कि संबंधित विश्वविद्यालय ने छात्र का शिक्षण शुल्क लौटा दिया है जबकि छात्र यह लिख - लिख कर थक चुका है कि उसे अभी तक अध्ययन बाबत जमा राशि का एक रुपया भी नहीं लौटाया है। हुज़ूर, यह है हमारी शिक्षा की दशा और दिशा। सदियों पूर्व जो भारत देश शिक्षा का प्रमुख ज्ञान केन्द्र रहा। यद्यपि नालंदा विश्वविद्यालय फिर से स्थापित होकर अपनी प्राचीन ज्ञान पद्धति को आधुनिक परिप्रेक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करने का एक प्रशस्य उपक्रम और शुभ संकेत भी है किंतु इस अज्ञान रुपी अंधेरे से निकलने के लिए दीपक बनने को आतुर ऐसे ज्ञानार्थियों की क्या कभी ज्ञान ज्योति प्रज्जवलित हो पाएगी?

जहां एक ओर शिक्षा के अधिकार की हम बात करते हैं। नई शिक्षा नीति लागू है तो भी बिना अध्ययन के ही विद्यार्थी का साल भी व्यर्थ कर देंगे और फीस की वसूली कर बस नियम कायदों की लिखा -पढ़ी रुपी पाती में ही आगे भी छात्र का समय गवांते रहेंगे। ऐसे में क्यों न पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए। दोष सिद्ध होने के बाद भी शुल्क वापसी नहीं। यानी जिसकी लाठी उसकी भैंस की कहावत चरितार्थ होती जा रही है। यह एक यक्ष प्रश्न ही है। आज शायद ही कोई यह कहने वाला मिले कि वह दीप का प्रतीक नहीं है। बड़े - बड़े सूरमाओं और तथाकथित कलमवीरों का तो एक ही उसूल है और वह है अंधकार को परास्त कर स्वच्छता और प्रकाश का संकल्प। पर अफसोस वे यह नियम स्वयं पर लागू नहीं करेंगे बल्कि पूरी ईमानदारी से दूसरे को अंधकार का प्रतीक सिद्ध करेंगे और स्वयं को महा प्रज्ञावान दीपक। दूसरों के घरों में अंधेरा करवाकर ज्ञान फैलाने वाले वाह री कलियुगी देवदीपो...।

"विद्या ददाति विनयं। विनयात् याति पात्रतां..। यानी विद्या विनम्र बनाती है और विनम्रता से योग्यता आती है तथा योग्यता से धन की प्राप्ति होती है। फिर चहुंओर खुशी ही खुशी है पर आज विडम्बना यह है कि उधार के शब्दजाल रुपी चक्रव्यूह का पैमाना इतना बड़ा है कि स्वयं की आन्तरिक मलिनता, ईर्ष्या, छल, और षड्यंत्र की धोंकनी से सिर्फ दूसरे के लिए निंदा रुपी हवा भर- भर कर दुनिया को स्वच्छता और प्रकाश रुपी उजाले का संकल्प दीप घोषित कर दूसरे को अविद्या और स्वयं को विद्यावान होने का प्रमाण - पत्र भी स्वयं ही स्वयं को देते हैं। उजाले के "महाप्रकाश" का खिताब पाने को वे बेताब हैं।

हमारी भारतीय पर्व परंपरा हमें न केवल छल, दंभ व वैमनस्यादि आन्तरिक शत्रुओं का नाश करने का ही संदेश देती हैं बल्कि हमें प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ जीवन जीने की सीख भी देती हैं। आचार्य भर्तृहरि जी कहते हैं - 'मौनान्मूकः प्रवचनपटुः...।' यानी चुप रहें तो गूंगा, बोलें तो बकवादी, सहनशील होने पर डरपोक और असहनशील होने पर अकुलीन जैसे शब्दों से विभूषित करते हैं। फिर आखिर जीवन किस रुप में जीया जाए? क्यों न अन्तर्मन में झांक कर आत्ममंथन किया जाना चाहिए। भारतीय दर्शन में जलती दीपों की पांत सिर्फ स्वयं को सत्यवादी और संस्कारी मानने वालों के लिए ही नहीं बल्कि हर घर और हर जन को शिक्षा रुपी उजियारा फैलाने का अधिकार है। हमें इस संकीर्णता से बाहर भी निकलना होगा जिसमें दूसरों के घरों में अंधेरा फैलाकर स्वयं के महलों को बिजली की बंदनवारों से भले ही जगमगा लें पर हमारी आत्मा अन्य को दुखी और स्वयं को खुशी के यानी इस भेदभाव की पद्धति के लिए सदा कचोटती ही रहेगी। हमें अपने- पराए के बजाय "वसुधैव कुटुंबकम्" के विचारों को सार्थक करना होगा। हमारा अन्तर्मन सदा यही भाव रखे कि सब के जीवन में ज्ञान और खुशी की ज्योति प्रज्जवलित हो। तभी हमे आन्तरिक खुशी, सुकून और शांति मिल सकेगी और वही हमारी शुभ और लाभ वाली पर्व परंपरा साबित हो सकेगी।

*-लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

# प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
**दर्शन**

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पड़ो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाड़कर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हां! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नदियों का संरक्षण जरूरी

महात्मा गांधी ने कहा था कि नदियां हमारे देश की नाड़ियों की तरह हैं। यदि हम उन्हें गंदा करना जारी रखेंगे तो वो दिन दूर नहीं जब हमारी नदियां जहरीली हो जाएंगी। और अगर ऐसा हुआ तो हमारी सभ्यता नष्ट हो जाएगी। जिन नदियों को हम माता समझते हैं, नदियों का प्रदूषण हमारे लिए भी किसी श्राप से कम नहीं हो सकता। मोदी सरकार ने गंगा को संभालने और इसके संरक्षण के उद्देश्य से भी वर्ष 2014 में नमामि गंगे नामक योजना लांच की थी। गंगा तभी पूरी तरह साफ होगी जब हम इसे साफ-सुथरा रखने का मन बनाएंगे। लोग गंगा नदी के किनारे जाते हैं पुण्य कमाने, लेकिन गंगा में पॉलीथीन या अन्य गंदगी डालने से परहेज नहीं करते। देश में नदियों के संरक्षण की सख्त जरूरत है। *- मनोज वाजपेयी, महासमुंद*

## ट्रेंड

### जनता-जनार्दन का जोश



झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-राजद की तुष्टिकरण की राजनीति यहां के हमारे आदिवासी समाज और देश की सुरक्षा, दोनों के लिए बड़ा खतरा है। झारखंड के गढ़वा में जनता-जनार्दन का जोश बता रहा है कि राज्य में भाजपा-एनडीए की सरकार बननी तय है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आर्थिक उथल-पुथल पैदा की



नरेंद्र मोदी जी, नकली आख्यान वास्तविक कल्याण का विकल्प नहीं हो सकते। आम नागरिकों से उनका आखिरी पैसा लूटकर आपने जो आर्थिक उथल-पुथल पैदा की है। यहां तक कि त्यौहारी खुशियां भी कम खपत, उच्च मुद्रास्फीति से जूझ रही भारत की अर्थव्यवस्था का उत्साह नहीं बढ़ा सकीं।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### आप आंदोलन करेगी



उत्तर प्रदेश की सरकार 26000 सरकारी स्कूलों को पहले ही बंद कर चुकी है, अब 27000 स्कूलों को और बंद करने जा रही है। आगामी 9 नवंबर दिन शनिवार को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आम आदमी पार्टी इसके खिलाफ आंदोलन करेगी।
**-संजय सिंह, आप नेता**

### वास्तविकता दर्द भरी होती है



सफलता बाहर से ग्लैमरस दिखती है, लेकिन वास्तविकता अक्सर दर्द, त्याग और कड़ी मेहनत से भरी होती है। इसमें केवल सपनों से अधिक की आवश्यकता होती है - यह संघर्षों के माध्यम से दृढ़ता है जो वास्तव में 1% को अलग करती है।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**



## करंट अफेयर

# टेक्सास के शहरों में पहली बार मनाई गई दिवाली



अमेरिका के टेक्सास राज्य में इस साल ऐतिहासिक तरीके से दिवाली मनाई गई और पहली बार ह्यूस्टन और हैरिस काउंटी और ह्यूस्टन सिटी हॉल में दिवाली उत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय महा वाणिज्यदूत डी.सी.मंजूनाथ द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत के समय पूरे राज्य में एकजुटता, खुशी और सांस्कृतिक गौरव को रेखांकित किया गया। हर साल दिवाली मनाने की परंपरा इस साल भी जारी रही और ऑस्टिन स्थित गवर्नर के आवास में भी दिवाली मनाई गई जहां पर गवर्नर ग्रेग एबॉट ने समावेशिता का संदेश देते हुए कार्यक्रम की मेजबानी की। गवर्नर एबॉट ने टेक्सास और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत करने में महावाणिज्यदूत मंजूनाथ के नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया और कहा, 'दिवाली एक त्योहार से कहीं अधिक है; यह उस प्रकाश की याद दिलाता है जो हम सभी को एकजुट करता है।' ह्यूस्टन ने 31 अक्टूबर को दोपहर में सिटी हॉल में अपना पहला दिवाली समारोह मनाया। यहां महापौर कार्यालय ने लेगेसी हॉल में समुदाय के सदस्यों, शहर के अधिकारियों और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेताओं की मेजबानी की।

## ऑफ बीट

# बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान



सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है। अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।



# अक्षय के साथ रोमांटिक सीन करने में झिझकतीं थीं करीना

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता करीना कपूर खान और अक्षय कुमार ने कई फिल्मों में काम किया है। करीना ने एक बार खुलकर बताया था कि अक्षय के साथ रोमांस करना कितना 'अजीब'लगता था, जबकि वह उनकी बहन करिश्मा के को-स्टार थे। करीना कपूर ने बताया कि कैसे वे अक्षय कुमार और अपनी बहन की फिल्म के सेट पर जाती थीं और वहां खेलती थीं। करीना ने कहा कि मैं करिश्मा कपूर के सभी सह कलाकारों के साथ रोमांस कर रही हूं। उन्होंने बताया कि अक्षय कुमार जब फिल्में कर रहे थे, तब मैं स्कूल यूनिफॉर्म में थी। करिश्मा कपूर मेरी बड़ी बहन हैं, उनके सह कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए थोड़ा अजीब रहा है।

लाइफ Style



# साई सीता के किरदार में आएंगी नजर

अभिनेत्री साई पल्लवी ने भारतीय फिल्म उद्योग में अपने लिए एक अलग पहचान बना ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साउथ सिनेमा में अपनी पहचान बनाने के बाद, अब साई, रणबीर कपूर अभिनीत रामायण से बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इतने शानदार करियर के साथ, साई पल्लवी की संपत्ति अच्छी खासी है, जो उनकी उनकी सफलता को दर्शाती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, साई पल्लवी की वर्तमान कुल संपत्ति लगभग 47 करोड़ रुपए है। उनकी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा मलयालम, तेलुगु और तमिल सिनेमा में उनकी फिल्मों से आता है। वह कुछ ब्रांड एंडोर्समेंट भी करती हैं। साई ने हाल ही में सुर्खियां बटोरीं क्योंकि उन्होंने पहले कई ब्रांड एंडोर्समेंट को अस्वीकार कर दिया था। अमरन अभिनेत्री एक फिल्म के 2.5 करोड़ से 3 करोड़ रुपए लेती हैं। हालांकि, उन्होंने नितेश तिवारी की रामायण में अपनी भूमिका के लिए 6 करोड़ रुपए की डिमांड की है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह फिल्म बड़े पैमाने पर है। इस फिल्म में साई के अलावा रणबीर कपूर और केजीएफ स्टार यश के होने की भी संभावना है। साई पल्लवी अपने विनम्र स्वभाव के लिए जानी जाती हैं, लेकिन तमिलनाडु के कोयंबटूर में उनका एक खूबसूरत घर भी है। अभिनेत्री अक्सर अपने परिवार के साथ उस आलीशान घर में क्वालिटी टाइम बिताती हैं। उनके पास मित्सुबिशी लांसर इवो एक्स और ऑडी क्यू 3 सहित कुछ शानदार कारें भी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# सिनेमाघरों में बंद हो विज्ञापन

**लॉस एंजिल्स।** 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' के निर्देशक टॉड फिलिप्स एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हालांकि, इस बार टॉड अपनी किसी नई फिल्म के ऐलान को लेकर नहीं, बल्कि अपने एक सुझाव के कारण सुर्खियां बटोर रहे हैं। निर्देशक ने दर्शकों को सिनेमाई अनुभव देने के लिए थिएटर श्रृंखलाओं को एक खास सुझाव दिया है। उनका कहना है कि फिल्म दिखाने से पहले प्रदर्शित किए जाने वाले कमर्शियल को बंद किया जाना चाहिए। ऑस्कर विजेता टॉड फिलिप्स ने कहा, 'फिल्मों से पहले विज्ञापन दिखाना बंद करें।



# कई अवॉड्र्स से सम्मानित थे दिग्गज क्विंसी जोन्स

**लॉस एंजिल्स।** संगीत दिग्गज क्विंसी जोन्स को माइकल जैक्सन के साथ उनके काम के लिए जाना जाता था। उन्होंने जैक्सन के प्रतिष्ठित एल्बम 'थ्रिलर' का निर्माण किया, जिसकी 65 मिलियन प्रतियां बिकीं और यह अब तक का सबसे अधिक बिकने वाला एल्बम बन गया। शिकागो के साउथ साइड की सड़कों से मनोरंजन उद्योग तक की उनकी यात्रा एक उल्लेखनीय कहानी है। 2001 में प्रकाशित उनकी आत्मकथा 'क्यू' में उन्हें मिले कई सम्मान और पुरस्कारों की सूची है। 18 पृष्ठों में फैले, जोन्स ने रूट्स पर अपने काम के लिए 28 ग्रैमी पुरस्कार, दो मानद अकादमी पुरस्कार और एक एमी अर्जित किए थे। क्विंसी ने 91 वर्ष की आयु में आखिरी सांस लेकर दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया है। क्विंसी की विशाल विरासत माइकल जैक्सन के ऐतिहासिक थ्रिलर एल्बम के निर्माण से लेकर पुरस्कार विजेता फिल्म और टेलीविजन स्कोर लिखने तक थी।



# डेनियल से सनी ने दूसरी बार रचाई शादी

**मुंबई।** अभिनेत्री सनी लियोनी ने दूसरी बार शादी रचा ली है। हालांकि, दूसरी बार भी उन्होंने पति डेनियल वेबर के साथ ही जीने-मरने की कसमें दोहराई हैं। सनी और डेनियल ने साल 2011 में शादी की थी। वहीं, शादी के 13 साल बाद जोड़े ने 31 अक्टूबर को मालदीव में दोबारा शादी की। हालांकि, न तो सनी और न ही डेनियल ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। लेकिन, रिपोर्ट के अनुसार, इसमें केवल उनके बच्चे-निशा, नूह और अशर ही शामिल हुए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पारंपरिक आनंद कारज समारोह में शादी करने के 13 साल बाद सनी और डेनियल ने व्हाइट वेडिंग चुनी। दोनों काफी समय से अपनी शादी की प्रतिज्ञा को नवीनीकृत करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इंतजार किया क्योंकि वे चाहते थे कि उनके बच्चे इस समारोह के महत्व को समझें।



# 95 दिन के इंतजार के बाद हुई मुलाकात

**मुंबई।** शाहरुख खान ने अपने एक प्रशंसक से मुलाकात की जो, पिछले 95 दिनों से उनसे मिलने का इंतजार कर रहा था। प्रशंसक झारखंड से अपनी दुकान बंद करके केवल अभिनेता से मिलने मुंबई आया है। शाहरुख खान के वैसे तो दुनियाभर में लाखों-करोड़ों प्रशंसक हैं, लेकिन उनमे से कुछ प्रशंसक उन्हें इतना चाहते हैं कि सारी हदे पार कर देते हैं। ऐसा ही कुछ हुआ जब उनका झारखंड से आया एक प्रशंसक 95 दिनों से उनसे मिलने का इंतजार करता रहा। अंत में वह अपने पसंदीदा अभिनेता से मिल पाया। सोशल मीडिया पर अब उसके शाहरुख खान के साथ वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं। शाहरुख खान ने 2 नवंबर को अपना जन्मदिन मनाया। देश-विदेश से उन्हें प्रशंसकों की ढेर सारी शुभकामनाएं मिलीं।

## टीवी मसाला



# एक्ट्रेस जुबैदा को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर छिड़ गया विवाद

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन के हाल के एपिसोड में पूछे गए एक सवाल को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी हो रही है। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और सीरीज सिटाडेलः हनी बनी के निर्देशक सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर शामिल हुए। शो में अभिनेत्री जुबैदा से जुड़ा एक ऐतिहासिक सवाल पूछा गया। इसे लेकर जुबैदा के बेटे खालिद मोहम्मद ने आलोचना की है, जिन्होंने शो में रिसर्च की कमी बताई है। केबीसी शो में जुबैदा को लेकर सवाल किया गया कि किस अभिनेत्री का अपने पति जोधपुर के महाराजा हनवंत सिंह के साथ विमान दुर्घटना में दुखद निधन हो गया? जवाब के विकल्पों में सुलोचना, मुमताज, नादिरा और जुबैदा शामिल थीं। कुछ विचार-विमर्श के बाद और अपनी तीन लाइफ लाइन में से दो का उपयोग करने के बाद, जिसमें सिटाडेलः हनी बनी के लेखक को कॉल करना भी शामिल था, वरुण और राज ने जुबैदा को अपना उत्तर चुना, जिसे शो द्वारा सही माना गया। इस पर दिवंगत अभिनेत्री जुबैदा के बेटे खालिद मोहम्मद ने तुरंत इस गलती को इंगित किया। हकीकत में उनकी मां का विवाह हैदराबाद के महाराज नरसिंहगिरी धनराजगीर ज्ञान बहादुर से हुआ था, महाराजा हनवंत सिंह से नहीं। इस प्रकरण के बाद खालिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, 'यह मेरी दिवंगत मां जुबैदा बेगम हैं। आलम आरा के बनने के समय उनका जन्म नहीं हुआ था। इस गलती के लिए कार्यक्रम में माफी मांगना ही कम से कम आप कर सकते हैं।'

## धमकी और गाली-गलौज से गूंजा बिग बॉस का घर

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18' का लेटेस्ट एपिसोड विवादों से भरा रहा। तीन नवंबर के वीकेंड का वार पर अभिनेता रवि किशन ने एक खास सेगमेंट का आयोजन किया। इस दौरान रजत दलाल की अविनाश मिश्रा और




विवियन डीसेना के साथ बहस भी हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक रजत दलाल को घर के सदस्यों के साथ गाली गलौज करते हुए भी देखा गया। इस दौरान रजत ने लड़ाई-झगड़े की बात भी स्वीकार की और कहा कि वह विवियन को सबक भी सिखा सकते हैं, लेकिन कॉन्ट्रैक्ट के कारण ऐसा नहीं कर सकते। रविवार की रात के एपिसोड की शुरुआत रजत दलाल और श्रुतिका अर्जुन द्वारा घरवालों के लिए मेन्यू तय करने से हुई। उन्होंने कॉफी देने से इनकार किया और अविनाश मिश्रा ने इस बारे में उनसे सवाल किया। अभिनेता ने बताया कि कैसे रजत ने कॉफी को बुनियादी राशन बताया, लेकिन जेल के अंदर जाने के बाद से वह इसे विलासिता कह रहे हैं। रजत ने यह भी माना कि वह अपने शब्दों पर कायम नहीं हैं।

# ब्रेकअप के बाद 3 बच्चों के पिता से की शादी — टॉप एक्टर्स से हुआ था इस एक्ट्रेस को प्यार...

**नई दिल्ली।** तस्वीर में दिख रही ये जहीन सी बच्ची बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस रही है। जिसकी एक्टिंग का मुकाबला आज भी हर कोई एक्ट्रेस नहीं कर सकती. और, डांस के मामले में जो ग्रेस और लचक इस एक्ट्रेस ने दिखाई, उस पर आज भी जमाना फिदा है। अपने दौर के बड़े से बड़े सितारे के साथ इस एक्ट्रेस ने स्क्रीन शेयर की और मेजर रोल्स अदा किए। उन्हीं में से कुछ के साथ नाम भी जुड़ा और रोमांस भी खूब हुआ। लेकिन, जब शादी की बात आई तो एक्ट्रेस ने अपने डिसिजन से अपने हर चाहने वाले को चौंका दिया। ये बच्ची कोई और नहीं, उस दौर की टॉप एक्ट्रेस वैजयंती माला हैं।



***इन एक्टर्स के साथ ऑन और ऑफ स्क्रीन रहा रोमांस :*** वैजयंती माला ने अपने फिल्मी करियर के दौरान तकरीबन हर टॉप एक्टर के साथ काम किया। जिसमें देवानंद, शम्मी कपूर, राज कपूर, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र सबके नाम शामिल हैं। इनमें से राज कपूर और दिलीप कुमार के साथ उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री भी खूब पसंद की गई और पर्दे के पीछे भी उनके रोमांस की खबरें आती रही। राज कपूर के बारे में तो यहां तक कहा जाता है कि उनकी पत्नी कृष्णा राज कपूर दोनों से जुड़ी खबरें सुनकर खासी नाराज हो गईं थीं। इस नाराजगी में वो बच्चों सहित घर छोड़ कर होटल में रहने लगी थीं। उनकी घर वापसी इसी शर्त पर हुई कि राज कपूर कभी वैजयंती माला के साथ काम नहीं करेंगे। इन खबरों के बाद वैजयंती माला को करियर के स्तर पर भी कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा था।

***तीन बच्चों के पिता से हुआ प्यारः*** वैजयंती माला और राज कपूर का रिश्ता तो टूट गया। लेकिन, वैजयंती माला को उन्हीं के डॉक्टर में अपना लव ऑफ लाइफ नजर आया। वैजयंती माला ने जिस शख्स से शादी रचाई, वो थे राज कपूर के डॉक्टर चमनलाल बाली। उस दौर में चमन लाल बाली खुद वैजयंती माला के बड़े फैन हुआ करते थे। दोनों ने पसंद मिलने के बाद 1968 में 10 मार्च को शादी रचा ली। जब ये शादी हुई तब चमन लाल बाली पहले से ही शादीशुदा थे और तीन बच्चों के पिता थे।

# *बहन को देख लगा एक्टिंग का चस्का, फ्लॉप मूवी से चमकी किस्मत, सुपरस्टार संग की 'कुली नंबर 1'*

***नई दिल्ली।*** *एक्ट्रेस जब छोटी थीं, तब उनके माता-पिता का तलाक हो गया था। वे 53 साल की हो गई हैं और बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने नेशनल अवॉर्ड सहित कई पुरस्कार जीते हैं। उनकी मां एक स्कूल टीचर थीं और बड़ी बहन एक मशहूर एक्ट्रेस थीं, जिन्हें देखकर उन्हें एक्टिंग का चस्का लगा था। उन्होंने फिल्म 'प्रेम' में काम किया, जिसे बनाने में बोनी कपूर को 8 साल लग गए थे। फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही, लेकिन यहां से तब्बू को खास पहचान मिली। बोनी कपूर दिसंबर 1987 में दो फिल्में लॉन्च की थीं- 'रूप की रानी चोरों का राजा' और 'प्रेम'। प्रेम में तब्बू को संजय कपूर के अपोजिट साइन किया गया था। फिल्म को बनने में 8 साल लग गए और यह बोनी कपूर के प्रोडक्शन करियर की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म साबित हुई, लेकिन इस फिल्म के बाद तब्बू का करियर खूब आगे बढ़ा। तब्बू ने मिड-डे को दिए एक इंटरव्यू में अपने फिल्मी सफर की शुरुआत के बारे में बताया था। एक्ट्रेस कहा था, 'हम गर्मियों में नानी के घर छुट्टियां बिताने जाते थे। चूंकि मेरी मां के बड़े भाई ईशान आर्य सिनेमैटोग्राफर थे। उन्होंने गरम हवा (1973), बाजार (1982) की शूटिंग की थी। मैं उनके बेटों समीर और सागर के साथ बड़ी हुई। हम भाई-बहन की तरह थे. एक बार मेरी बहन फराह और मैं देव आनंद साहब के दफ्तर में थे, जहां वह एक स्क्रीन टेस्ट ले रहे थे, चूंकि उन्हें लगा कि वह बहुत सुंदर है, इसलिए उसका भी स्क्रीन टेस्ट लिया।' तब्बू ने आगे बताया था, 'एक दिन हमें यश चोपड़ा का फोन आया। उन्होंने मेरी मां को बहन को फिल्म 'फासले' में कास्ट करने की अपनी इच्छा के बारे में बताया।*



## 'पहला पहला प्यार' थी पहली हिन्दी फिल्म

*तब्बू ने आगे कहा, 'शेखर कपूर अंकल ने मुझे देखा और कहा कि मुझे उनकी फिल्म 'प्रेम' से डेब्यू करना है, जिसे मैंने मना कर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मैं सिर्फ एक फिल्म करूं और फिर वे मुझे पढ़ाई के लिए विदेश भेज देंगे, जो कभी नहीं हुआ. मैंने फिल्म की, मगर उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ दिया।' बहुत कम लोग जानते हैं कि तब्बू ने एक्ट्रेस के तौर पर पहला रोल साउथ सुपरस्टार वेंकटेश के साथ तेलुगू फिल्म 'कुली नंबर 1' में निभाया था, जो साल 1991 में रिलीज हुई थी। तब्बू की लीड एक्ट्रेस के तौर पर हिंदी में पहली फिल्म 'पहला पहला प्यार' थी, जो 1994 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।*

## दो गुलाब, आओ प्यार करें, भाई आखिर भाई होता है जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था उन्हें

# दिलीप कुमार-अमिताभ बच्चन से भी थी हेलेना ल्यूक की दोस्ती

*भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की पहली पत्नी हेलेना ल्यूक का अमेरिका में निधन हो गया है। मशहूर डांसर और अभिनेत्री कल्पना अय्यर ने इस खबर की जानकारी दी है। हेलेना पिछले कुछ समय से बीमार थीं। हेलेना की जिंदगी में उनके दोस्त काफी मायने रखते थे।*

**नई दिल्ली।** हेलेना ल्यूक एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री और मॉडल थीं, जिनका जन्म मुंबई में हुआ था। वह संयुक्त राज्य अमेरिका में रहती थीं। उन्हें दो गुलाब (1983), आओ प्यार करें (1983), भाई आखिर भाई होता है (1982) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था। अमिताभ बच्चन की फिल्म 'मर्द' में हेलेना ने खास किरदार निभाया था। उनकी दोस्ती बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकारों से थी, जिनमें दिलीप कुमार, अमिताभ बच्चन, जयदीप सेन और कल्पना अय्यर का नाम शामिल है। अभिनय के बाद हेलेना ने डेल्टा एयरलाइंस में भी काम किया था। हेलेना के कई दोस्त रहें, लेकिन उन सभी में सबसे करीबी दोस्त जयदीप सेन और कल्पना अय्यर रहीं। हालांकि, इस लिस्ट में अमिताभ बच्चन और दिलीप कुमार का नाम भी शामिल है।

## हेलेना के करीबी दोस्त

हेलेना ने बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ गुजराती थिएटर में काफी काम किया। हेलेना ल्यूक के बॉलीवुड में कुछ दोस्त भी थे, जिनमें सबसे खास निर्देशक जयदीप सेन और मशहूर डांसर और अभिनेत्री कल्पना अय्यर रही हैं। वैसे तो हेलेना के फेसबुक पर हजारों दोस्त हैं, लेकिन उनके सबसे खास दोस्तों में जयदीप और कल्पना का नाम सबसे ऊपर रहा है। जयदीप और कल्पना के अलावा हेलेना की दोस्ती अमिताभ बच्चन और दिलीप के साथ भी थी। हेलेना बॉलीवुड अभिनेत्री रही हैं, यह स्वाभाविक है की उनकी दोस्ती कई बॉलीवुड कलाकारों से रही होगी। इस एक तस्वीर में हेलेना के साथ अमिताभ बच्चन और दिलीप कुमार नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर हेलेना के दोस्त निजार ने खिंची थी।



## जयदीप सेन-हेलेना की दोस्ती

निर्देशक जयदीप सेन को गुम है किसी के प्यार में (2020) और तेरी मेरी डोरियां (2023), फिल्म क्रेजी 4 के निर्देशक के लिए जाना जाता है। निर्देशक जयदीप सेन ने कृष 3 के लिए भी काम किया है। जयदीप और हेलेना एक-दूसरे के काफी अच्छे दोस्त रहे हैं।

## कल्पना अय्यर-हेलेना की दोस्ती

हेलेना बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर डांसर और एक्ट्रेस थीं। हेलेना अपनी दोस्त कल्पना अय्यर के काफी करीब थीं। कल्पना ही है, जिन्होंने हेलेना की मृत्यु की जानकारी सबसे पहले सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की।

# औरंगजेब ने देश को लूटा और मंत्री आलमगीर ने झारखंड को

## हेमंत सरकार पर योगी के तीखे प्रहार

वेबवार्ता

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी राज्य झारखंड के कोडरमा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली को संबोधित किया। मुख्यमंत्री दिन में क्रमशः हजारीबाग और जमशेदपुर में दो और पार्टी रैलियों को संबोधित करने वाले हैं। योगी ने अपने मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की ओर इशारा करते हुए झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की तुलना मुगल बादशाह औरंगजेब से करते हुए कहा कि आलम ने औरंगजेब की तरह ही राज्य को लूटा। कथित टेंडर घोटाले में गिरफ्तार किए गए आलम ने इस साल जून में इस्तीफा दे दिया था।



सीएम ने कहा कि पहले औरंगजेब ने देश को लूटा था, उसने देश के पवित्र मंदिरों को नष्ट किया था और अब क्या हो रहा है, झारखंड में एक आलमगीर आलम हैं पूर्व मंत्री और जेएमएम नेता जिनके घर में नकदी का ढेर मिला, इससे बुरा कोई नहीं हो सकता, इससे भी ज्यादा लूट। भाजपा देश की सुरक्षा, स्वाभिमान, रोजगार, महिला सशक्तिकरण की गारंटी है। विकास और विरासत के बीच समन्वय की गारंटी भी भाजपा है। आज आप पीएम मोदी का नेतृत्व देख रहे हैं। आपने भी देखा होगा। अयोध्या में 500 साल बाद दीपोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। यह चुनाव उन लोगों को जवाब देने का समय है जिन्होंने राज्य की जनता को धोखा दिया है। देश की जनता ने कांग्रेस को शासन करने का मौका दिया, लेकिन क्या उन्होंने कभी कोई योजना ईमानदारी से चलाई? मोदी जी ने अनुच्छेद 370 (जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा) हटा दिया, जो दर्द कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने कश्मीर को दिया था। उन्होंने कहा कि 'माफियाओं का एकमात्र इलाज भाजपा है, पहले उत्तर प्रदेश में माफियाओं के डर का माहौल था, लेकिन जब से प्रदेश में माफियाओं का बुलडोजर गरजा है, हर अपराधी संत बन गया है या खत्म हो गया है।

# अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर राहुल गांधी, दिशा बैठक की अध्यक्षता की

वेबवार्ता

रायबरेली, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को रायबरेली में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) समिति की बैठक की अध्यक्षता की। दिशा समिति की बैठकें सांसद की अध्यक्षता में त्रैमासिक आधार पर आयोजित की जाती हैं। इससे पहले दिन में, राहुल गांधी ने रायबरेली में नवनिर्मित शहीद चौक और डिग्री कॉलेज चौराहे का उद्घाटन किया। उन्होंने शहर के श्री पीपलेश्वर महादेवजी मंदिर और हनुमान मंदिर में भी दर्शन और पूजा-अर्चना की।

राहुल गांधी, जो वर्तमान में रायबरेली से सांसद हैं, जिले के एक दिवसीय दौरे पर हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सड़कों का भी उद्घाटन किया। राहुल गांधी ने 2024 के आम चुनावों में 390,030 वोटों के महत्वपूर्ण अंतर से रायबरेली लोकसभा सीट जीती। राहुल की मां सोनिया गांधी लगातार पांच बार रायबरेली से सांसद रह चुकी हैं। इस बार उनके लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले के बाद राहुल इस सीट से चुनाव मैदान में उतरे और बड़े अंतर से जीत हासिल की।

### न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

रा०प्र०क०...ब-121/2024-25

ग्राम- बुढ़ाबगीचा तहसील राजपुर

-::ईश्तहार::-

एत्द द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज मुण्डा आ० स्व० शनिचरा जाति मुण्डा निवासी ग्राम बुढ़ाबगीचा थाना तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा अपनी माता स्व० रमेश्वरी की ग्राम बुढ़ाबगीचा में दिनांक 24.12.2013 को हुआ है। किन्तु जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 28/11/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दंडाधिकारी
राजपुर-जिला-बलरामपुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०

ईश्तहार

रा०प्र०क्र०-2024050212000/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक विजय कुमार गुप्ता आ.स्व. श्री नागेश्वर प्रसाद, निवासी बौरीपारा अम्बिकापुर के द्वारा कथन किया गया है, कि आवेदक की पत्नि श्रीमती वीणा गुप्ता के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि, नगर अम्बिकापुर, शीट नं. 02. मोहल्ला केदारपुर, स्थित भूख.क्र. 242/2 रकबा 0.04 1/4 एकड़ भूमि है। आवेदक की पत्नि वीणा गुप्ता की मृत्यु दिनांक 22.07.2024 को हो गई है। अतः भूधारक की मृत्यु जाने के कारण आवेदक द्वारा स्वयं को मृत्तक भूधारक के वैद्य उत्तराधिकारी बताते हुये फौति नामांतरण के आधार पर उक्त भूमि के अभिलेख में स्वयं का नाम दर्ज कराने बाबत मृत्तक भूधारक के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 11/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०

ईश्तहार

रा०प्र०क्र०/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण श्रवण सोनी, रवीन्द्र कुमार सोनी आ.स्व. डोमन प्रसाद सोनी, निवासी शास्त्री वार्ड मायापुर, अम्बिकापुर जिला सरगुजा ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदकगण की दादी श्रीमती जमुना देवी पत्नि मिसरा साव उर्फ मिश्री सोनी के स्वामित्व एवं अधिपत्य की शीट नं. 03, मोहल्ला- मायापुर, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि भूखण्ड क्र. 1655/4, 1655/5 रकबा क्रमशः 0.04, 0.01 1/2 एकड़ भूमि है। आवेदकगण की दादी/भूधारक की मृत्यु दिनांक 16.11.1973 को हो गई है। अतः आवेदकगण द्वारा स्वयं को मृत्तक भूधारक के वैद्य उत्तराधिकारी बताते हुये, फौति नामान्तरण के आधार पर उक्त वादभूमि के अभिलेख से मृत्तक भूधारक अर्थात अपनी दादी का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 30/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# 9 जजों की संविधान पीठ का ऐतिहासिक फैसला

## हर निजी संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकती सरकार

वेबवार्ता

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने निजी संपत्ति विवाद में बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों वाली पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाले प्रत्येक निजी संपत्ति संसाधन को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत भौतिक संसाधन नहीं कहा जा सकता है। नौ जजों की पीठ में जस्टिस हृषिकेश रॉय, बीवी नागरत्ना, जेबी पारदीवाला, सुधांशु धूलिया, मनोज मिश्रा, राजेश बिंदल, सतीश चंद्र शर्मा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि तीन जजमेंट हैं, मेरा और 6 जजों का। जस्टिस नागरत्ना का आंशिक सहमति वाला और जस्टिस धुलिया का असहमति वाला।



### 1 मई को रखा था फैसला सुरक्षित

पीठ द्वारा 1 मई को अपना फैसला सुरक्षित रखने के बाद आज सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि किसी व्यक्ति के प्रत्येक निजी संसाधन को समुदाय के भौतिक संसाधन के हिस्से के रूप में रखना दूर की कौड़ी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह उन निवेशकों को भी डरा देगा जो उन्हें मिलने वाली सुरक्षा के स्तर से सावधान होंगे। यह टिप्पणी तब आई जब वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि विभिन्न संविधान पीठों के 16 फैसलों में निजी संपत्ति और निजी संसाधनों को शामिल करने के लिए भौतिक संसाधनों की लगातार व्याख्या की गई है। शीर्ष अदालत ने इससे संबंधित एक संदर्भ पर सुनवाई की।

### दो अलग अलग मत

सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में साफ कर दिया है कि सरकार सभी निजी संपत्तियों की अधिग्रहण नहीं कर सकती। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने 1978 के बाद के उन फैसलों को पलट दिया। यह संदर्भ 1978 में कर्नाटक राज्य और अन्य आदि बनाम श्री रंगनाथ रेड्डी और अन्य मामले में दिए गए फैसले में न्यायाधीशों द्वारा दिए गए दो विचारों के संदर्भ में सामने आया।

# महिलाओं के लिए अच्छी खबर, एमपी की मोहन सरकार ने बढ़ाया आरक्षण, अबकी बार किया 35% पार

वेबवार्ता

नई दिल्ली, मध्य प्रदेश सरकार ने मंगलवार को सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए आवंटित आरक्षण कोटा में वृद्धि की घोषणा की। जारी की गई जानकारी के मुताबिक, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने वाली सरकार ने इसमें 2 फीसदी अतिरिक्त बढ़ोतरी कर दी है, जिससे महिलाओं का कोटा 35 फीसदी हो गया है। सरकार के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि आज



मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की ब्रीफिंग के दौरान इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। डिप्टी सीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश में सरकारी सेवाओं के तहत सभी भर्तियों में आरक्षण (महिलाओं के लिए) 33% से बढ़ाकर 35% कर दिया गया है। यह निर्णय पहले लिया गया था, और इसे आज कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कैबिनेट बैठक के दौरान लिए गए अन्य बड़े फैसलों के बारे में भी विस्तार से बताया. शुरूआत करते हुए मंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने राज्य में 254 नए उर्वरक बिक्री केंद्र खोलने को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के लागू होने से किसानों को लंबी कतारों से राहत मिलेगी और नकद भुगतान पर आसानी से खाद मिलेगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने कुल 830 मेगावाट इकाइयों (प्रत्येक 205 मेगावाट के दो बिजली संयंत्र और 210 मेगावाट के दो अन्य संयंत्र) की पिछली बिजली संयंत्र इकाइयों को बंद करके सारनी में 660 मेगावाट का क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने की भी मंजूरी दे दी है। अंत में मंत्री ने यह भी बताया कि कैबिनेट ने राज्य में मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्रोफेसरों की भर्ती की आयु 40 वर्ष से बढ़ाकर 50 वर्ष करने की अनुमति दे दी है।

# योगी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से मदरसा बोर्ड के खिलाफ लगा बड़ा झटका

वेबवार्ता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम अदालत ने आज बड़ा फैसला सुनाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को संवैधानिक करार दिया है। कोर्ट ने इसी के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 22 मार्च के फैसले को भी खारिज कर दिया, जिसमें यूपी मदरसा अधिनियम को रद्द किया गया था। रिटायर्डमेंट से चार दिन पूर्व चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के दिये गये इस एतिहासिक फैसले के बाद राज्य के मदरसों को मान्यता मिलने और उनके संचालन में स्थायित्व आने की संभावना है। अदालत ने माना कि एक्ट के प्रावधान संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हैं और ये धार्मिक अल्पसंख्यकों के शैक्षिक अधिकारों की सुरक्षा करते हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह जरूर कहा कि सरकार मदरसा शिक्षा को लेकर नियम बना सकती है। किसी छात्र को धार्मिक शिक्षा के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि मदरसा बोर्ड फाजिल, कामिल जैसी उच्च डिग्री नहीं दे सकता, जो यूजीसी अधिनियम के विपरीत है। बता दें इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इसी साल 22 मार्च को यूपी मदरसा एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया था। कोर्ट ने कहा था कि ये कानून धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है और मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को नियमित स्कूलों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था।

### नाम परिवर्तन

मैं शिव कुमार टोप्पो आत्मज सुरेन्द्र टोप्पो, निवास का पता ग्राम- खाला (सड़कपारा), पोस्ट करजी, थाना / तहसील - दरिमा, जिला- सरगुजा (छ.ग.) पिन- 497001 का निवासी हूं। मेरे शैक्षणिक अभिलेखों, शासकीय / अशासकीय अभिलेखों, विलेखों में नाम शिव कुमार दर्ज होने के कारण मेरे द्वारा नाम परिवर्तन की कार्यवाही कराई जा रही है। मेरा नाम संशोधन पश्चात इस प्रकार है - शिव कुमार टोप्पो आत्मज सुरेन्द्र टोप्पो माता- श्रीमती बुधनी बाई, निवासी, ग्राम- खाला (सड़कपारा), पोस्ट करजी, थाना / तहसील - दरिमा, जिला- सरगुजा (छ.ग.) है। उक्त नाम मेरे निजी ज्ञान के सत्य व सही है। मेरे द्वारा नाम परिवर्तन की वैधानिक कार्यवाही आरंभ की गई है। मुझे शिव कुमार टोप्पो आत्मज सुरेन्द्र टोप्पो से ही पुकारा, जाना और पहचाना जावे, न कि मेरे पूर्व नाम शिव कुमार के नाम से। उपरोक्तानुसार मय शपथ-पत्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष छ०ग० गजट (राजपत्र) में प्रकाशन हेतु प्रस्तुत किया गया है।

शमशकर्ता

शिव कुमार टोप्पो आत्मज सुरेन्द्र टोप्पो निवास का पता ग्राम- खाला (सड़कपारा) पोस्ट- करजी, थाना / तहसील - दरिमा जिला- सरगुजा (छ.ग.) पिन- 497001

### न्यायालय तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

आम जनता ग्रामवासी ग्राम शिवपुर को सूचित किया जाता है, कि श्री फैज मोहम्मद आ० श्री शाह मोहम्मद निवासी ग्राम शिवपुर थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा अपने पिता/ माता/पुत्र/पुत्री/ शाह मोहम्मद आ० बुध्धु शाह का मृत्यु दिनांक 01/01/2007 को हो पर अपने पिता शाह मोहम्मद आ० बुध्धु शाह का जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिस किसी आम जनता / ग्रामवासियों को कोई आपत्ति /आक्षेप हो वह अपना आपत्ति 01/11/2024 इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी। आज दिनांक 17/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)

ईश्तहार

रा०प्र०क्र०.../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमंत कुमार भगत आ० चैतराम भगत जाति उरांव निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 2/822 रकबा 0.040 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, अधिकार अभिलेख, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 20/11/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04 /11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०/.../अ-20(3)/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका बबीता जायसवाल पति जीत लाल जायसवाल आयु लगभग 49 वर्ष निवासी गुरूद्वारा वार्ड अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला स्कूल रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-3 स्थित नजूल प्लाट नम्बर- 1169/9 रकबा 0.7, 1/2 मेसे रकबा 1627 वर्गफीट भूमि को अनावेदक अखिलेश कुमार सोनी आ० सुरेश प्रसाद सोनी निवासी गुरुद्वारा वार्ड अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला. सरगुजा छ०ग० के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः-30/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र० क्र० //अ-20(3)/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका बबीता जायसवाल पति जीत लाल जायसवाल आयु लगभग 49 वर्ष निवासी गुरूद्वारा वार्ड अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला स्कूल रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-3 स्थित नजूल प्लाट नम्बर- 1169/9 रकबा 0.7,1/2 मेसे रकबा 1600 वर्गफीट भूमि को अनावेदक श्रीमती रत्ना सोनी पति अखिलेश कुमार सोनी निवासी गुरुद्वारा वार्ड अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला. सरगुजा छ०ग० के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः 30/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202411020700027/

विषयः - अ-6
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्नः-2024-2025
अंबिकापुर प.ह.न. 00015 [1674(0.0400हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- बीरेन्द्र कुमार सोनी,
अनावेदक पक्षकार - लालमोहन,

ईश्तहार

आवेदक बीरेन्द्र कुमार सोनी आ० स्व० लालमोहन सोनी निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1674 रकबा 0.040 हे० भूमि के राजस्व अभिलेखों में वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25.11.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/11/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202410020700024

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
लक्ष्मीपुर प.ह.न. 00023 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार बंधन,
अनावेदक पक्षकार -छ०ग० शासन.

ईश्तहार

आवेदक बंधन आ० गोविन्द जाति उरांव निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राथ लक्ष्मीपुर स्थित कुल खसरा नंबर 05 कुल रकबा 0.581 हे० भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। 21 उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/11/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील- अम्बिकापुर

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202410020700025

विषयः- ब-121
लक्ष्मीपुर प.ह.न. 00023 [(हे0)]
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- रामभरोस राम उर्फ भरोसा,
अनावेदक पक्षकार -छ०ग० शासन,

ईश्तहार

आवेदक रामभरोस राम उर्फ भरोसा आ० मोती जाति उरांव निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 0.571 हे० भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/11/2024 में पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील- अम्बिकापुर

# किसान के घर मे लगी भीषण आग से धान व मकान जलकर हुआ खाक





**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सोनपुर में बीती रात एक किसान के सुने मकान में लगी आग से भारी नुकसान हुआ है।इस घटना में जहां पांच मवेशी जिंदा जल गए है वहीं मकान भी पूरी तरह खाख हो गया है।रामानुजनगर ब्लाक के ग्राम सोनपुर के दिलकेश्वर साहू के घर मे यह हादसा हुआ है।बताया गया है कि दिलकेश्वर के गांव में दो घर है।इस घर जहाँ यह आग की घटना हुई है वहां वे सोते नही थे।मंगलवार की रात को खाना आदि खाने के बाद सपरिवार दूसरे मकान में सोने चले गए।इधर कब और कैसे आग लगी यह पता नही चल पाया सुबह लोगो ने घर की हालत देखी तो इसकी जानकारी दी।तब दमकल वाहन को सूचना दी गई।दमकल वाहन के मौके पर पहुँचने के

## घर मे बंधे 5 मवेशियों की जलकर हुई मौत

पहले सब कुछ खाख हो चुका था।बताते है कि घर मे पांच मवेशी जिसमे तीन दुधारू गाय व भैंस बंधी थी जो आग की चपेट में आकर दमतोड़ दिए।घर मे रखा सो बोरा धान के साथ मकान भी पूरी तरह खाख हो गया है।जिससे बड़ी नुकसान का अनुमान है।आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी या किसी ने जानबूझकर कर आग लगा दी यह जांच का विषय है।पीड़ित ने इस घटना में किसी शरारती तत्वों के हाथ होने की आशंका व्यक्त की है।दूसरी ओर घटना की जानकारी लगते ही सुबह सुबह ही विधायक भूलन सिंह मरावी गांव में पहुँच कर स्थिति का जायजा लिया और किसान को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है।अनुविभागीय अधिकारी अजय मोडीयम, तहसीलदार सूर्यकांत साय भी मौके पर पहुँचे थे।

# खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की तैयारी के संबंध में कलेक्टर ने समितियों को दिये विस्तृत दिशा निर्देश

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की तैयारी के संबंध में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में समिति प्रबंधक ऑपरेटर एवं शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अंबिकापुर की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर द्वारा समितियों को प्रारंभिक तैयारी व खरीदी के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए खरीदी में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं तथा पानी और फर्स्ट एड बॉक्स आदि की उपलब्धता के निर्देश दिए गए। चेक लिस्ट अनुसार समिति स्तर पर सफाई, फेसिंग, तारपोलिन एवं डनेज आदि की व्यवस्था के निर्देश दिए। धान खरीदी में उपयोग होने वाली पंजियों का संधारण कर्मचारियों की कार्य विभाजन करने उपार्जन केंद्र में प्रदर्शित किया जाए। उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी अवधि, न्यूनतम समर्थन मूल्य, औसत अच्छी गुणवत्ता का मानक, सैम्पल, खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर 18002333663, ट्रस्टेड पर्सन का नाम एवं मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया साथ ही पंजीकृत किसानों के रकबा सहित सूची समितियों में अनिवार्यत: प्रदर्शित किया जाए। इस वर्ष 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक खरीदी किया जाएगा।

# आमगांव स्कूल में विधायक ने छात्राओं को बांटी सायकल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** हाई स्कूल आमगांव में निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी द्वारा19 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। प्राचार्य डी एस लकड़ा ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी ने छात्राओं से कहा कि हमारी सरकार आप सभी को सायकल,



गणवेश, पाठयपुस्तक निशुल्क उपलब्ध करा रही है। 8 वी तक निशुल्क मध्याह्न भोजन मिलता है। सभी पात्र छात्रों को छात्रवृति दिया जा रहा है, आप सभी इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपना लक्ष्य बनाए, कठोर परिश्रम करें निश्चित रूप से जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करेंगे। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू ने कहा कि जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में हम लोग स्कूल शिक्षा विभाग के सभी योजनाओं को आप तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं आप सभी इन योजनाओं का लाभ उठा करके आने वाले परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करें। कार्यक्रम के अध्यक्ष ग्राम के सरपंच मानिक चंद सिंह पोर्ते ने कहा कि पंचायत स्तर से हम लोग विद्यालय हित में हर संभव मदद करने को तैयार है। एमएमडीसी सदस्य बालकुमार ने पालकों से बच्चों को रोज स्कूल भेजने का आह्वान किया। हाई स्कूल से श्रीमती विजय कुमारी लकड़ा, रामलाल साहू, आशीष त्रिपाठी, पंकज सोनी, रूप साय माध्यमिक शाला से भूलेश्वर सिंह, दस राम चौधरी, नम्रता सोनी, प्राथमिक शाला से संजय चौबे, अनिता सिंह एवं प्रतिभा जायसवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रोशन प्रजापति एवं आभार प्रदर्शन सीएसी शिवमंगल सिंह ने किया।

# राज्योत्सव में उल्लास मॉडल प्रदर्शनी रही आकर्षक का केंद्र

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राज्योत्सव में शिक्षा विभाग के स्टॉल में साक्षरता प्राधिकरण के उल्लास मॉडल को प्रदर्शनी हेतु लगाई गई। प्रदर्शनी में साक्षरता प्राधिकरण के द्वारा शिक्षार्थियों को साक्षर करने उल्लास केंद्र व डिजिटल, वित्तीय लेनदेन पर आधारित मॉडल लगाया गया था जो उल्लास केंद्र से साक्षर बनकर महत्वपूर्ण जीवन कौशल को प्राप्त कर चुके हैं। जिसमें सभी विभाग के द्वारा अपने अपने मॉडल की प्रदर्शनी की गई थी जिसमें शिक्षा विभाग को भी अपने कार्यों को मॉडल के रूप में प्रदर्शन करने स्टॉल आबंटित हुई थी। जिसमें शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा व साक्षरता प्राधिकरण के द्वारा अपने कार्यों को मॉडल रूप में प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें साक्षरता मिशन प्राधिकरण के द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का उल्लास केंद्र व वित्तीय लेनदेन का आकर्षक मॉडल बनाकर प्रदर्शनी हेतु लगाई गई थी जिसका अवलोकन राज्योत्सव के मुख्य अतिथि भैया लाल राजवाड़े विधायक बैकुंठपुर, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, विशिष्ट अतिथि शकुंतला पोर्ते विधायक प्रतापपुर, जिपं अध्यक्ष राजकुमारी मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष के. के. अग्रवाल सहित आम जनताओं ने काफी उत्साह के साथ देखा साथ ही कई लोगों ने इस मॉडल की बारीकी से जानकारी ली। उल्लास मॉडल को जिला रिसोर्स पर्सन कृष्ण कुमार ध्रुव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटेया व प्रेमनगर ब्लॉक मास्टर ट्रेनर सुश्री करुणा पटेल शासकीय प्राथमिक शाला चितखई, सुश्री पूर्णिमा टोप्पो शासकीय प्राथमिक शाला कौशलपुर के द्वारा मिलकर तैयार किया गया था। स्टॉल के प्रदर्शनी में लगे उल्लास केंद्र के प्रथम मॉडल में एक दसवीं, बारहवीं पढ़ने वाले विद्यार्थी स्वयंसेवी शिक्षक बनकर अपने मोहल्ले में 10 शिक्षार्थियों को



अध्यापन करा रहे हैं।। इस उल्लास केंद्र में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के पांच घटक बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल (डिजिटल, वित्तीय, कानूनी, मतदान, पर्यावरण आदि), व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा व सतत शिक्षा को शामिल कर शिक्षा दी जा रही है।अभी नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में जिले भर में उल्लास केंद्र संचालित है जहां शिक्षार्थी अध्यापन कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी कार्यक्रम में साक्षरता प्राधिकरण से विनेश यादव, सूरजपुर बीपीओ जयराम प्रसाद, रामानुजनगर बीपीओ रवींद्रनाथ, जिला रिसोर्स पर्सन कृष्ण कुमार ध्रुव, प्रेमनगर मास्टर ट्रेनर सुश्री करुणा पटेल व सुश्री पूर्णिमा टोप्पो ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# भगवान भास्कर को महिलाओं ने दिया पहले अर्घ्य, व्रती महिलाओं का नजारा रहा आकर्षण का केंद्र

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**रामानुजगंज।** आस्था,उल्लास और श्रद्धा के संगम बीच कन्हर नदी के घाट पर बुधवार दोपहर बाद से ही छठ पर्व की छटा छा गई। छठ माई के गूंजते गीतों के बीच अस्ताचलगामी सूरज को सोलह श्रृंगार में सजी-धजी व्रती सुहागिनों ने पूजा पर्व का पहला अर्घ्य दिया। अर्घ्य से पहले ही व्रती महिलाओं का घाटों पर दोपहर बाद से ही पहुंचना शुरू हो गया। सोलह श्रृंगार से सजी-धजी महिलाएं पानी में जा खड़ी हुई। अर्घ्य देती व्रती महिलाओं का नजारा जिले के पूजा घाटों व तालाबों पर दिखाई दिया। महिलाओं ने यहां पूजन के दौरान सुशोभिता की पूजा अर्चना कर पांच बार परिक्रमा की और पानी में उतर कर दीपकों को प्रवाहित किया। माथे पर सिंदूर का लंबा तिलक लगाया और आंचल फैलाकर सूर्यदेव से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं की टोली नदी में अस्ताचलगामी सूर्य को पूर्वांचल के महापर्व डाला छठ का पहला अर्घ्य दिया। घाट से लौटने के बाद व्रती महिलाओं के द्वारा खड़ना का खीर बनाने के बाद स्वयं ग्रहण करने के उपरांत अपने सगे संबंधियों एवं आस-पड़ोस के लोगों में वितरण किया जाता हैं। छठ व्रत करने वाली महिलाएं के द्वारा बनाए गए खड़ना के खीर के प्रसाद को ग्रहण करने के लिए पड़ोसि लालायित रहते है प्रसाद मिलने के बाद ग्रहण कर अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं। व्ही गुरुवार के शाम को मौसमी सब्जियों व फलों से भरे सूप और छठ मैया के गीतों एवं गाजे बाजे के साथ अस्ताचल गामी सूर्य को अर्थ देगी।

# एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर स्पॉट मीटर रीडर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के सभी वितरण केंद्रों में बिजली बिल वितरण व राजस्व वसूली कार्यों



में लगे मीटर रीडर अपनी एक सूत्रीय मांग विभाग में समायोजन को लेकर 1 नवम्बर से 5 नवम्बर तक सांकेतिक हड़ताल पर गए हुए थे,परंतु 5 नवम्बर तक हमारी मांगों पर विचार नहीं होने से मीटर रीडर संघ से प्रदेश अध्यक्ष देवलाल पाटले के निर्देशन पर जिले के 13 वितरण केंद्रों में पत्र देकर 6 नवम्बर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए है।स्पॉट बिलिंग एव मीटर रीडिंग श्रमिक ठेका कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर मीटर रीडरों के हड़ताल पर चले जाने से पूरे जिले में बिजली बिल वितरण व राजस्व वसूली कार्यों पर पूर्ण रूप से ब्रेक लग गया हैं। संघ ने बताया कि वर्ष 2006 में बिजली कंपनी ने पूरे छत्तीसगढ़ के सभी वितरण केंद्रों में राजस्व वसूली व बिजली बिल वितरण के लिए मीटर रीडर की तैनाती की थी।जिसके बाद 15 से 20 वर्षो से काम कर रहे सभी मीटर रीडर बेरोजगार हो जाएंगे। इस संबंध में ऊर्जा मंत्री, मुख्यमंत्री, पदाधिकारियों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को पत्राचार किया गया। इस बीच सिर्फ नौकरी की बात करने वाली सरकार ने मीटर रीडरो के रोजगार के संबंध में कोई उचित आश्वासन नहीं दिया।इससे पहले विधान सभा चुनाव के पूर्व राज्य स्तर पर धरना प्रदर्शन किया गया था। लेकिन सरकार के तरफ से मीटर रिडरों के रोजगार को लेकर कोई पहल नहीं किए जाने के बाद बाध्य होकर संघ अब अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को विवश है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 10.10.2024

## ई-प्रोक्यूर्मेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग - स.क्र. 1 से 6 पत्थलगांव संभाग
03. स.क्र. 01 से 6 'द' वर्ग एवं उपर ठेकेदार
04. आनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 26.11.2024

| सरल क्र. | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 117 | उपसंभाग क्रं. 1 पत्थलगांव अंतर्गत आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 40.00 |
| 2 | 118 | उपसंभाग क्रं. 2 पत्थलगांव अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो का रंगाई पोताई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 40.00 |
| 3 | 119 | उपसंभाग क्रं. 1 पत्थलगांव अंतर्गत आवासीय भवनो का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 50.00 |
| 4 | 120 | उपसंभाग क्रं. 1 पत्थलगांव अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 40.00 |
| 5 | 121 | उपसंभाग क्रं. 1 पत्थलगाव अंतर्गत माटीपहाड छर्रा पहुच मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी., बोखी लकराघरा मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी., अंकिरा पहुंच मार्ग लंबाई 1.80 कि.मी. में साधारण मरम्मत का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 61.40 |
| 6 | 122 | उपसंभाग क्रं. 02 पत्थलगांव अंतर्गत कांसाबेल सरईपानी मार्ग के कि.मी. 1 से 15/2, 18 से 22 = 19.20 कि.मी. एवं बंदरचुंआ गोरिया मार्ग के कि.मी. 01 से 12/6 = 11.50 कि.मी. में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 70.00 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

जी-242503600/4


# समिति प्रबंधक पर किसानों ने लगाया लाखो रुपये के फर्जी आहरण जा आरोप

## 0 कलेक्टर को ज्ञापन, जांच व कार्रवाई की मांग 0 कार्रवाई के आभाव में आंदोलन की चेतावनी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के दवनकरा स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के समिति प्रबंधक पर किसानों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा है। किसानों का आरोप है कि समिति प्रबन्धक संतोष नाविक ने कई किसानों के फर्जी हस्ताक्षर कर उनके खातों से लाखों रुपये का गमन किया है। शिकायत के बावजूद भी अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।जिससे किसानों में शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी है। कलेक्टर को सौपे ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया है कि समिति प्रबंधक संतोष नाविक ने ग्राम पंचायत सेमराखुर्द के किसान राजाराम और बृजमोहन के नाम से धान बिक्री से संबंधित 154,500 रुपये की राशि को फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से आहरित कर लिया है। इस मामले की शिकायत चन्दौरा पुलिस थाना में भी की गई



जिसमे एफआईआर भी दर्ज की गई। लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे किसान बेहद निराश और परेशान हैं। वहीं ग्राम पंचायत केंवरा के किसान मंगलसाय के नाम से सहकारी बैंक प्रतापपुर से 106,250 रुपये का कर्ज निकाले जाने का भी आरोप लगाया गया है। हालांकि, शिकायत के कुछ समय बाद उक्त कर्ज राशि किसान के खाते में वापस जमा कर दी गई, लेकिन इससे किसानों का विश्वास प्रशासन और बैंकिंग प्रणाली से उठ गया है।

### खाद के नाम पर भी वसूली

किसानों का आरोप है कि उक्त समिति प्रबन्धक ने खाद वितरण के दौरान भी फर्जीवाड़ा किया है। उन्होंने किसानों से शेयर के नाम पर पैसे वसूले, लेकिन किसानों को कोई पावती नहीं दी गई। इस अवैध वसूली से किसानों को न केवल आर्थिक नुकसान हुआ है।

### फर्जी धान बिक्री और अन्य आरोप

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2019-20 में समिति प्रबंधक ने अपने नाम पर करीब 119 क्विंटल धान फर्जी तरीके से बेच दिया था। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री जनदर्शन में की गई थी और जांच के दौरान यह आरोप सही पाए गए थे, लेकिन फिर भी अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। इसके अलावा, इफको और यूरिया खाद वितरण में भी बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया गया है। आरोप है कि विभाग के उच्चाधिकारी की मिलीभगत से मामले को रफादफा कर दिया गया। किसानों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच की जाती है तो करोड़ों रुपये के घोटाले का खुलासा हो सकता है।

### कार्रवाई के आभाव में किसान करेंगे प्रदर्शन

किसान अब आंदोलन की धमकी दे रहे हैं और समिति प्रबंधक को तत्काल हटाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समिति प्रबंधक को हटाया नहीं गया और मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। धान खरीदी सत्र की शुरुआत में किसान पहले ही कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं, और ऐसे में अगर उक्त प्रबन्धक समिति में बने रहे तो उन्हें और अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ज्ञापन में किसानों ने कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग की है। किसानों का कहना है कि वे अपनी मेहनत की फसल का उचित मूल्य प्राप्त करने के हकदार हैं, और प्रशासन को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

# विधायक व नपाध्यक्ष का अधिवक्ता संघ ने किया सम्मान

## संघ की मांग पर विधायक ने 10 व अध्यक्ष ने दिया 2 लाख की दी मंजूरी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी और नगरपालिका अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विधायक भूलन सिंह और नगरपालिका अध्यक्ष के के अग्रवाल को




जिला अधिवक्ता संघ ने शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान विधायक की सरलता, सहजता और नगरपालिका अध्यक्ष को नगर की साफ सफाई व्यवस्था, वार्डों में सड़कें तथा शहर को एक शानदार शेडयुक्त रंगमंच मैदान देने के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया। संघ के अध्यक्ष जी.एस.मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में विधायक से सूरजपुर जिले में श्रम न्यायालय की स्थापना, पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट मांग साथ ही प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं का सामूहिक बीमा और फर्नीचर हेतु दस लाख रुपए की मांग की गई। वहीं सभाकक्ष के वॉश रूम के लिए संघ के अध्यक्ष ने नगरपालिका अध्यक्ष से पचास हजार रुपए की मांग किया। विधायक ने दस लाख रुपए की स्वीकृति तत्काल दे दी, साथ ही अन्य मांगों के लिए उन्होंने कल ही मुख्यमंत्री को पत्र लिख अवगत कराने की बात कही। नगरपालिका अध्यक्ष ने संघ के अध्यक्ष द्वारा मांगी गई राशि पचास हजार रुपए की जगह दो लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील निगम और आभार प्रदर्शन संजय भारत के द्वारा किया गया। मंच में वरिष्ठ अधिवक्ता बी एन तिवारी, एच एन मिश्रा, ए के गोयल मौजूद रहे। कार्यक्रम में एच एन श्रीवास्तव,राजेंद्र पाठक, व्हीएस मिश्रा, नरेश कौशिक, थलेश्वर साहू, राजेंद्र यादव, नीलेश साहू, राजू दास एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088
8719000259

कोरिया फ्रंटलाइन

# स्वास्थ्य मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में हो रही लागातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

## गुणवत्ता सेवाओं में यूपीएचसी डोमनहील हुआ एनक्यूएएस सर्टिफाइड

*स्वास्थ्य मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में हो रही लागातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार गुणवत्ता सेवाओं में यूपीएचसी डोमनहील हुआ एनक्यूएएस सर्टिफाइड*

**छ.ग.फ्रंटलाइन**




**एमसीबी।** कलेक्टर डी वेंकट राहुल के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खरे और जिला कार्यक्रम प्रबन्धक डॉ पुष्पेंद्र सोनी के नेतृत्व में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोमनहिल को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस ) प्रमाणीकरण हेतु आवेदन विगत सितंबर माह में किया गया था जिसके तारतम्य में दिल्ली की टीम द्वारा अक्टूबर माह के 22 एवं 23 तारीख को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया जिसमें कुल 12 विभागों का दिल्ली से आए केंद्रीय टीम द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण में टीम द्वारा अस्पताल में दी जाने वाली सेवाओं का सराहना किया गया। ज्ञात हो को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोमनहिल में विगत 2013 से गुणवक्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है जिसमे ओपीडीएआईपीडी प्रसव, प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, बीपी शुगर जांच एवं अन्य 30 प्रकार के लैब जांच जैसे सेवाए दी जा रही है इन सभी सेवाओं का गुणवक्ता जांच हेतु दिल्ली से टीम आई थी टीम द्वारा निरक्षण के बाद प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की बेहतर सेवाओं हेतु सराहना भी की गई । उक्त निरक्षण का एक सप्ताह बाद परिणाम प्राप्त हुआ जिसमें शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सभी विभागों में 80: से ऊपर अंक प्राप्त जो बहुत अच्छा परिणाम माना जायेगा। इस तरह यह अस्पताल नवगठित जिला बनने के उपरांत जिला महेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर का प्रथम एनक्यूएएस सर्टिफाइड अस्पताल बना। अस्पताल को एनक्यूएएस सर्टिफाइड कराने में जिला प्रबंधक - शहरी श्री राकेश वर्मा, जिला लेखा प्रबन्धक श्री संतोष नायक एवं शहरी लेखापाल श्रीमती पूर्णिमा तिवारी का विषेश योगदान रहा उनके अगुवाई में अस्पताल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीयो ने अपना पूरा प्रयास किया जिसके फलस्वरूप ही यह अस्पताल नवगठित जिला का पहला सर्टिफाइड असपताल बना। जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के नेतृत्व में और भी अस्पतालों को एनक्यूएएस सर्टिफाइड किया जाने हेतु प्रयास किए जा रहे है जिससे की गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं लोगो तक पहुंच सके।

# सभी पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2024 के लिए नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग ने 01 जनवरी 2024 की स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार राज्य की विधानसभा की निर्वाचक नामावली का डेटा प्राप्त कर वार्ड तथा ग्राम पंचायतवार निर्वाचक नामावली करने हेतु जिले को उपलब्ध कराया है। आयोग ने अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर 2024 में किए गए पुनरीक्षण के अनुसार प्रदेश की विधानसभाओं की अद्यतन निर्वाचक नामावली का डेटा जिलों को उपलब्ध कराया है। ऐसे मतदाता जो 01 जनवरी 2024 की तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके थे, किंतु भारत निर्वाचन आयोग की सूची में उनका नाम 8 फरवरी 2024 की प्रकाशन तिथि के बाद जोड़ा गया है, ऐसे सभी मतदाता स्थानीय निकाय के निर्वाचन हेतु तैयार की जा रही निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने पात्र होंगे। सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इन पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए निर्धारित प्रारूप (क/क-1) में दावे प्राप्त करें। आयोग ने इस कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया है ताकि नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए एक त्रुटिहित और अद्यतन निर्वाचक नामावली तैयार की जा सके।

## राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमकर झूमी जशपुर की जनता

**जशपुरनगर।** राज्योत्सव के अवसर पर जशपुर जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके तहत वंशिका रजक एवं विभा रजक ने मनोरंजक गीतों से समा बांधा, वहीं पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुनकुरी तथा शासकीय दृष्टिबाधितार्थ विशेष विद्यालय जशपुर के नेत्रहीन दिव्यांग बच्चों ने सामूहिक गायन का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही केन्द्रीय विद्यालय की परिधि गुप्ता ने शास्त्रीय नृत्य कत्थक एवं माध्यमिक शाला साईटांगरटोली की शाहीन परवीन ने गीत गाया, कांसाबेल टाटीडांड के दल ने पारम्परिक करमा नृत्य का प्रदर्शन किया।

# जिला कोरिया में पंचायत चुनाव के मतपत्र मुद्रण के लिए निविदाएं आमंत्रित

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर जिला कोरिया में वर्ष 2024-25 में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई है। निविदा फार्म की कीमत 100 रुपये निर्धारित की गई है, जिसे कलेक्टर कार्यालय की स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 19 नवंबर 2024 है और इसे दोपहर 2 बजे तक कलेक्टर कार्यालय में प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। उसी दिन, अपराह्न 4 बजे निविदाएं निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

पंचायत चुनाव के मतपत्र मुद्रण के लिए आवश्यक कागज कलेक्टर कार्यालय की स्थानीय निर्वाचन शाखा द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक निविदाकार अधिक जानकारी के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन शाखा) से संपर्क कर सकते हैं।

# अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी दिसंबर माह में होगी रैली

**छ.ग.फ्रंटलाइन जशपुरनगर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 04 से 12 दिसंबर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलो के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट व स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेडसमेन का आयोजन किया जा रहा है। सेना द्वारा 22 अप्रैल से 03 मई 2024 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार



शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओ में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी कागज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है। रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास अथवा टेलीफोन नम्बर 07712965212 पर संपर्क किया जा सकता है।

# राज्योत्सव के जिला स्तरीय समारोह में जिले के 24 शिक्षक हुए सम्मानित

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** राज्योत्सव 2024 के जिला स्तरीय समारोह में मंगलवार कोछत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के द्वारा जिले के 24 शिक्षक सम्मानित हुए। इस सम्मान समारोह में प्रत्येक विकासखण्ड के तीन-तीन शिक्षक को शिक्षादूत तथा जिला स्तर पर तीन शिक्षकों को ज्ञानदीप सम्मान दिया गया। श्री नेताम ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। सम्मान प्राप्त सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि



का चेक प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण में शिक्षादूत को पुरस्कार राशि में 2 हजार रुपए तथा ज्ञानदीप में राशि 5 हजार रुपए प्रदान की जाती है। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण में शिक्षादूत पुरस्कार से श्रीमती रचना गुप्ता, श्रीमती दिव्या तिवारी, श्रीमती प्रियंका राय गुप्ता, श्रीमती राजमुनी किण्डो, संतोष कुमार गुप्ता, श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव, विरेन्द्र कुमार, सरमान सिंह विद्यंराज, ज्योतिष कुमार तिग्गा, उमेश कुमार कुशवाहा, श्रीमती पुष्पा सिंह, श्रीमती फरीदा अख्तर, गायत्री सोनवानी, श्रीमती शशि शर्मा, कृष्णा दास, श्रीमती लीली पुष्पाली, श्रीमती देवस्वरूपा टोप्पो, टिबला तिग्गा, श्री शिवपाल सिंह, श्रीमती निर्मला पुष्पीका किरण एवं श्रीमती शशिकांता तिर्की को तथा ज्ञानदीप पुरस्कार से दयाराम पटेल, श्रीमती संध्या जोशी एवं श्रीमती प्रीति पाण्डेय को सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा, एडीपीओ रमेश सिंह, एपीसी रविशंकर पाण्डेय तथा एपीसी भरत लाल अग्रवाल ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी तथा प्रोत्साहित किया।

## राज्योत्सव में विभागीय प्रदर्शनी अंतर्गत् आयुष विभाग को मिला प्रथम स्थान

**जशपुरनगर।** राज्योत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को कलेक्टर रोहित व्यास और पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति भी प्रदान किए। विभागीय स्टाल प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विभागों को सम्मानित भी किया गया। जिन्होंने पारम्पारिक चिकित्सा पद्धति सिरोधारा, नस्य, श्वेदन पद्धतियों का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त राज्योत्सव में आए लोगों की स्वास्थ्य जांच कर औषधि भी उपलब्ध कराई गई। दूसरा स्थान पर मत्स्य विभाग को मिला। जिसमें मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य आखेट की विधियों का प्रदर्शन के साथ मत्स्य आदान सामग्री का भी वितरण किया गया एवं तृतीय स्थान पर जल संसाधन विभाग रहा।

# स्वस्थ जीवन और तन मन के लिए आयुर्वेदिक औषधियां अधिक कारगर: उपाध्याय

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी )।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के परिपेक्ष में स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्रांगण में आयोजित राज्योत्सव में आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के प्रदर्शन एवं प्रचार प्रसार के लिए लगाये गये स्टाल से सैकड़ो जनमानस के पटल पर जड़ी बूटियां के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।आयुष विभाग के द्वारा इस स्टाल में दुर्लभ औषधीय पौधों के औषधीय गुणो की जानकारी सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत की गई।




आयुर्वेद एवं योग के पक्षधर स्थानीय पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग साधकों ने आयुष विभाग के द्वारा दी गई आयुर्वेदिक औषधि के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ के जंगलों में अभी भी ऐसी कई उपयोगी जड़ी बूटियां है जिनके प्रयोग से असाध्य रोगों का सरलता पूर्वक उपचार किया जा सकता है। आयुर्वेद एवं जड़ी बूटी के क्षेत्र में विशेष रूप से कारगर वन औषधि अपराजिता, अर्जुन, श्योनाक, अश्वगंधा, बबूल, दालचीनी, बकायन बहेड़ा, दूधी, गिलोय, गोखरू के औषधि गुणो की चर्चा करते हुए उपाध्याय ने कहा कि आयुर्वेद जड़ी बूटियां को जन सामान्य जनों के लिए उपयोगी बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के आयुष विभाग के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है,उन्होंने कहा कि कुदरत ने हमें कई उपहार दिए हैं, प्रकृति के अनमोल खजाने की कीमत समझने के लिए आयुर्वेद एवं जड़ी बूटियां पर हमें विश्वास करना होगा तभी हम स्वस्थ जीवन एवं स्वस्थ तन मन पा सकते हैं।

# पीवीटीजी लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सहूलियत हेतु शिविर आयोजित कर बनाए जा रहे आधार कार्ड

## कलेक्टर-एसपी ने किया शिविर का निरीक्षण

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की दिशा में आधार कार्ड प्रमुख और महत्वपूर्ण दस्तावेज है। विभिन्न योजनाओं के पंजीयन हेतु आधार कार्ड की आवश्यकता के मद्देनजर प्रधानमंत्री जनमन आदिवासी न्याय महा-अभियान अन्तर्गत जिले के समस्त पहाड़ी कोरवाओं एवं पण्डो जनजाति के छूटे हुए लोगों का मिशन मोड में आधार कार्ड बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को माता राजमोहिनी ऑडिटोरियम में आधार कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री विलास भोसकर एवं पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल ने आधार कार्ड शिविर में





पहुंचकर लोगों से संवाद किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आए लोगों को किसी तरह की समस्या ना हो, और आसानी से आधार पंजीयन की प्रक्रिया संपन्न हो। कलेक्टर के निर्देश पर लगातार आधार कार्ड शिविर आयोजित कर पीवीटीजी लोगों के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार पहाड़ी कोरवा जनजाति अंतर्गत 12639 हितग्राहियों को आधार उपलब्ध हो चुके हैं, शेष 791 हितग्राहियों के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसी तरह पण्डो जनजाति के 6070 हितग्राहियों को आधार कार्ड उपलब्ध हो चुके हैं, शेष 855 हितग्राहियों के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं।

## गौ-तस्करों के खिलाफ अभियान जारी

**कुनकुरी।** जानकारी के अनुसार मामले का विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को कांसाबेल थाना क्षेत्र के जागरूक ग्रामीणों से दिनांक 05 नवंबर 2024 की रात्रि में सूचना मिली कि मवेशी तस्कर पिक-अप वाहन में भारी मात्रा में गौ-वंश की तस्करी करते हुये रायगढ़ क्षेत्र की ओर से कांसाबेल के रास्ते झारखंड की ओर जाने वाले हैं। इस सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस स्टॉफ की टीम पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु लगायी गयी थी। पुलिस टीम द्वारा रात्रि में कांसाबेल मेन रोड में बैरिकेट लगाकर पत्थलगांव की ओर से आने-जाने वाले वाहनों को रोक-रोक कर चेक किया जा रहा था।

# मृकिा मुक्तामनी टोप्पो के परिजन को मिला प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना की पहल से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से समूह की दीदियों को सामुदायिक संवर्ग के द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मृतिका मुक्तामनी टोप्पों के पति व नोमिनी सवियन टोप्पो के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ विगत दिवस 05 नवम्बर 2024 को मिला। जनपद सीईओ जशपुर लोकहित भगत ने बताया कि जशपुर विकासखण्ड के अंतर्गत् ग्राम पंचायत सिटोंगा में स्व सहायता समूह से जुड़ी मुक्तामनी टोप्पों का निधन



08 मार्च 2024 को हो गया था। मृतिका मुक्तामनी टोप्पो के पति को पीएमजेजेबीवाई के तहत् 02 लाख रूपए का राशि छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक पुरानीटोली के ब्रांच मैनेजर विकास कुमार, कैसियर कु. अर्पिता हंसरा, राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान के विकासखण्ड परियोजना प्रबंध संदीप बेक एवं बैंक मित्र सीमा तिर्की की उपस्थिति में प्रदाय किया गया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दरींपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा